हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 30 अगस्त 2025

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 25.3 डिग्री



शनिवार को आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के कार्यक्रम को देखते हुए एसएसपी व अन्य अधिकारियों ने सिम्स आडिटोरियम का निरीक्षण किया।

### इसी आधार पर शहर की तीन छात्राओं का नीट में सलेक्शन

## तहसील में प्रकरण प्रस्तुत नहीं और ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट हो गया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ईडब्ल्यूएस के फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर शहर की तीन छात्राओं द्वारा नीट की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने का मामला प्रकाश में आया है। आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा वेरीफिकेशन के लिए भेजे गए पत्र के बाद तहसीलदार बिलासपुर द्वारा इसे जांच में लिया गया, जिसमें संबंधितों को ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट जारी होना तो दूर, बल्कि इस संबंध में तहसील में कोई प्रकरण प्रस्तुत ही नहीं होना पाया गया। इस मामले में प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

नीट 'नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट' की परीक्षा में ईडब्ल्यूएस 'इकॉनामिकली वीकर सेक्शन' का फर्जी सर्टिफिकेट लगाकर शहर की तीन छात्राओं द्वारा एमबीबीएस में प्रवेश पाने का मामला प्रकाश में आया है। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया सर्टिफिकेट बिलासपुर तहसीलदार द्वारा जारी किया गया है या नहीं यह तो दूर की बात है, संबंधितों के प्रकरण ही तहसील में प्रस्तुत नहीं हुए हैं। शहर की जिन तीन छात्राओं द्वारा फर्जी ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट प्रस्तुत किया गया है, उनमें श्रेयांशी गुप्ता पिता सुनील गुप्ता, भावना मिश्रा पिता सूरज कुमार मिश्रा एवं सुहानी सिंह पिता सुधीर कुमार सिंह शामिल हैं। इन सभी के द्वारा प्रस्तुत सर्टिफिकेट की सत्यता जांचने के लिए आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा पत्र भेजा गया था। इसकी जांच करने पर तहसीलदार बिलासपुर को इस संबंध में किसी भी तरह का प्रकरण कभी भी तहसील में प्रस्तुत नहीं होने व संबंधितों को कोई प्रमाणपत्र जारी नहीं किए जाने की जानकारी मिली। इस मामले में प्रशासन द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।





- बिलासपुर तहसील में प्रस्तुत ही नहीं हुआ कोई प्रकरण
- आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा वेरीफिकेशन के लिए भेजे गए पत्र से हुआ खुलासा

### ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट पाने के लिए ये पात्रता जरूरी

ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए संबंधित छात्र-छात्राओं को पटवारी प्रतिवेदन प्रस्तुत करना होगा। संबंधित को सामान्य वर्ग का होना आवश्यक है। ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट चाहने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावक की सालाना आय आठ लाख रूपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके अंतर्गत अभिभावक का करंट ईयर का ही आय प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। अभिभावक के नाम पर एक हजार वर्गफीट से अधिक भूमि पर बना मकान नहीं होना चाहिए। स्थानीय निवास प्रमाणपत्र होना आवश्यक है। उपरोक्त सारी बातें आवेदक को शपथपत्र के रूप में प्रस्तुत करना होगा।

### कार्रवाई की जा रही

आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा वेरीफिकेशन के लिए भेजे गए पत्र के बाद की गई पड़ताल में फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। तहसीलदार द्वारा तीन छात्राओं में से किसी को भी सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया है। संबंधितों द्वारा दिए गए पते सही नहीं हैं। न ही दिए गए मोबाईल नंबरों पर कॉल करने से कोई रिस्पांस मिल रहा है। मामले में आगे कार्रवाई की जा रही है।

- **मनीष साहू**, एसडीएम बिलासपुर

### प्रस्तुत नहीं हुआ है प्रकरण

ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट जारी करने के लिए तीनों छात्राओं में से किसी भी नाम से कोई प्रकरण मेरे पास प्रस्तुत ही नहीं हुए हैं।

**गरिमा सिंह ठाकुर**, तहसीलदार बिलासपुर

## जिले में अब तक 831 मि.मी. बारिश दर्ज

**बिलासपुर।** जिले में चालू खरीफ मौसम में अब तक 831 मिमी बारिश दर्ज की गई है। जो कि पिछले 10 वर्ष के औसत बारिश 827.8 मिमी से 3.2 मिमी अधिक है। अधीक्षक भू अभिलेख के अनुसार सबसे अधिक बारिश 1054.1 मिमी बेलगहना तहसील में और सबसे कम बारिश 690.8 मिमी कोटा में रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार बिलासपुर तहसील में 945.5 मिमी, बिल्हा तहसील में 710.9 मिमी, मस्तूरी में 723.7 मिमी,तखतपुर में 1018.6 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह सीपत में 781.6 मिमी, बोदरी में 716 मिमी, बेलतरा में 795 मिमी, रतनपुर में 862.3 मिमी, सकरी में 919 मिमी और पचपेड़ी तहसील में 754.6 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1202.3 मिमी है।

### बिजली खंभों पर उलझे टीवी केबल का मामला

## हाईकोर्ट में सीएसपीडीसीएल की ओर से जवाब प्रस्तुत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली खंभों पर उलझे टीवी केबल के मामले में शुक्रवार को हाईकोर्ट में सीएसपीडीसीएल की ओर से जवाब प्रस्तुत कर बताया गया कि एक- एक कर प्रदेश स्तर पर खंभों से केबल हटाए जा रहे हैं। लगभग तीन हजार खंभों से केबल हटाना बाकी है। कोर्ट ने बचा हुआ काम पूरा कर रिपोर्ट देने के निर्देश देते हुए 27 अक्टूबर को अगली सुनवाई रखी है।

प्रदेश में बिजली खंभों पर लगे हुए केबल शहर की सुंदरता को खराब कर रहे हैं, दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है। हाईकोर्ट ने संज्ञान में लेकर इसे जनहित याचिका के तौर पर सुनवाई शुरू की है। याचिका में मुख्य सचिव, उर्जा सचिव, नगरीय प्रशासन सचिव, बीएसएनएल, एमडी सीएसपीडीसीएल, कलेक्टर-कमिश्नर नगर निगम बिलासपुर, अधीक्षण यंत्री सीएसपीडीसीएल, को पक्षकार बनाया गया। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने शासन से पुछा था कि केबल हटाने के लिए आपकी क्या कार्ययोजना है और कितने खंभों से केबल हटाए जा चुके हैं। विद्युत वितरण कंपनी ने चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में क्रियान्वयन रिपोर्ट प्रस्तुत कर बताया कि कोर्ट के आदेश के बाद सभी जगह से चरणबद्ध तरीके से खंभों से केबल हटाए जा रहे हैं। 2 लाख 83 हजार बिजली खंभों में से लगभग 50 हजार में केबल पाए गए। जनवरी से इन्हें हटाने का काम शुरू किया और अब लगभग तीन हजार खंभों से ही केबल हटाया जाना बाकी है।





### ओपन यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए अंतिम दो दिन

**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र जुलाई से जून 2025-26 में प्रवेश के लिए अंतिम दो दिन शेष रह गए हैं। प्रवेश के लिए यूनिवर्सिटी के पोर्टल में 31 अगस्त के रात्रि 11 बजकर 59 मिनट तक आनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन भराए जा रहे हैं और प्रवेश शुल्क भी आनलाइन यूनिवर्सिटी के खाते में जमा करना है। ओपन यूनिवर्सिटी के वेबसाइट में आनलाइन आवेदन से संबंधित कोर्स, एडमिशन फीस और कोर्स की अवधि आदि की पूरी जानकारी दी गई है। छात्रों के प्रवेशित फार्म एवं जमा शुल्क का सत्यापन क्षेत्रीय केन्द्रों में स्वतः होगा और सत्यापित प्रवेश फार्म की सूचना 8 से 10 दिवस में विद्यार्थियों के मोबाइल नंबर में एसएमएस द्वारा दी जाएगी। ओपन यूनिवर्सिटी में बीए, बीएससी जीव विज्ञान, बीएससी गणित, बीकॉम, बीबीए, बीलिब एंड आईएससी, एमए हिन्दी, एमए अंग्रेजी, एमए संस्कृत, एमए राजनीति विज्ञान, एमए समाजशास्त्र, एमए शिक्षा, एमए छत्तीसगढ़ी, एमएसडब्ल्यू, एमकॉम, एमए/एमएससी गणित, एमएससी कंप्यूटर साइंस, पीजी डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा इन योग साइंस, डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा इन सॉइकोलाजीकल गाइडेंस एंड काउंसिलिंग, रामचरित मानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा शामिल है।




## खबर संक्षेप

### नशा मुक्ति अभियान के दूसरे दिन वाहन पहुंचा चौक-चौराहों और स्कूलों में



**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज हेमुनगर के तत्वावधान में चल रहे नशा मुक्ति अभियान का शुक्रवार को दूसरा दिन रहा। इस दौरान सुसज्जित वाहन के माध्यम से कुंभकर्ण की आकर्षक झांकी और एलईडी स्क्रीन द्वारा नशे के नुकसान तथा उससे मुक्त होने के उपाय जन-जन तक पहुंचाए गए। आज यह वाहन बंगाली माध्यमिक एवं उच्चतर विद्यालय, रेलवे इंग्लिश मीडियम नंबर 2 और कलचुरी स्कूल पहुंचा। जहां बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी अभियान की सराहना की। इसी क्रम में हेमुनगर के पार्षद वल्लभ राव ने आत्मीय स्वागत किया। साथ ही वाहन जब तोरवा, गुरुनानक और देवरीखुर्द चौक पहुंचा तो लोगों ने इसे देखा और नशा मुक्ति का आवश्यक संदेश ग्रहण किया। जेजे हॉस्पिटल के संचालक डॉ. गुप्ता ने वाहन को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि नशा अनेक परिवारों को उजाड़ रहा है, ऐसे में ब्रह्माकुमारीज की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। वहीं ब्रह्माकुमारीज देवरीखुर्द की संचालिका ने कहा कि विभिन्न प्रकार के नशे के कारण न केवल शरीर बल्कि जीवन, परिवार और संबंध भी नष्ट हो रहे हैं। आज परमपिता शिव स्वयं आकर अपनी शक्ति और शिक्षा से मानवता का उद्धार कर रहे हैं।

### बाजपेई छग बार कौंसिल चुनाव के लिए गठित पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्ष



**बिलासपुर।** सितम्बर माह में स्टेट बार कौंसिल ऑफ छत्तीसगढ़ का चुनाव होने को है। जिसके लिए आज बार कौंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली के चेयरमेन एवं सीनियर एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट मनन कुमार मिश्रा ने एक परिपत्र जारी किया है। इसमें छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के रिटा. जस्टिस सीबी बाजपेई को चुनाव कराने गठित पर्यवेक्षण समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह समिति राज्य विधिज्ञ परिषद के सदस्यों के चुनाव सम्पादित करेगी।

### छग आईटीआई कर्मचारी अधिकारी संघ ने की मंत्री से सौजन्य भेंट



**बिलासपुर।** आज छत्तीसगढ़ आई. टी. आई. कर्मचारी अधिकारी संघ एवं छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने संयुक्त रूप से अपने विभाग के नव नियुक्त विभागीय मंत्री गुरु खुशवंत साहेब से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। संघ के पदाधिकारियों ने मंत्री श्री साहेब को कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत करवाया, जिसमें ऐसे कर्मचारी जिसने विभाग में 12 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके हैं उसके बाद भी आज तक विभाग उनका परिवीक्षा अवधि समाप्त नहीं कर रही है। साथ ही उन सभी कर्मचारियों को पदोन्नति एवं समयमान से भी वंचित कर दिया है और वर्ष 2021 से 2025 तक पिछले पांच वर्षों का तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का आज दिनांक तक ग्रेडेशन भी जारी नहीं किया गया है। इसका अतिशीघ्र निराकरण करने मंत्री से निवेदन किए। इस अवसर पर संतोष कुमार वर्मा, उमेश मुदलियार, जागेश्वर सिन्हा, गजेंद्र साहू, केवल वर्मा, रामचंद तांडी, पीताम्बर पटेल, रमेश साहू, जागृति दीवान, गुमान साहू, कौशल साहू, जिला अध्यक्ष पूजा वाजपेयी, रमेश पैकरा, जुवेल लकड़ा योगेश सिदार एवं महेंद्र ध्रुव, मोहन देवांगन,ज्योत्सना सहारे, सीतापुरी आदि मौजूद थे।

### भारतीय सिंधु सभा की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**बिलासपुर।** गुरुवार 28 अगस्त को भारतीय सिंधु सभा बिलासपुर की बैठक आयोजित की गई। इसमें अध्यक्ष शंकर मनचंदा ने वर्ष 2025-27 तक के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया एवं आगामी माह में सिंधी समाज के प्रतिभा शाली बच्चों का सम्मान करने के लिए 7 सितम्बर रविवार को झूलेलाल मंगलम तिफरा में प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी की जानकारी दी।

बैठक में धनराज आहूजा, रमेश लालवानी, मनोहर पमनानी, नानक खटूजा, हरीश भागवानी, शंकर मनचंदा, राम सुखीजा, कैलाश आयलानी, प्रताप राय आईलानी, महेश पमनानी, नारायण उभरानी,अमर चावला, नवीन जादवानी, शंकर नागदेव, जगदीश नागदेव, हरीश कोडवानी, मुकेश विधानी, विनोद जीवनानी, सुनील लालवानी, अविनाश आहूजा, अभिषेक विधानी, हरीश थावरानी, जगदीश जग्यासी, दिलीप घनशानी, धीरज रोहरा, गुरबक्श जसवानी, हुंदराज मोटवानी, दिलीप मनवानी, हरगुन करड़ा, सतीश लाल,नवीन जादवानी, अमर पमनानी, डॉ सतीश छुगानी आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुआ सांसद खेल महोत्सव

# खेल राष्ट्र निर्माण का प्रमुख आधार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि खेल राष्ट्र निर्माण का आधार है। यदि राष्ट्र को विकसित बनाना है तो युवाओं को स्वस्थ और फिट रहना होगा। युवाओं को स्वस्थ और फिट रहने के लिए खेल मैदान में भी उतरना होगा।

श्री साहू के मुख्य आतिथ्य में स्व.बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, पूर्व मस्तूरी विधायक कृष्णमूर्ति बांधी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी एवं भूतपूर्व ओलम्पियन व हॉकी हेड कोच अजीत इमानुएल लकड़ा ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने खिलाड़ियों को फिट इंडिया की शपथ दिलाई। कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, दीपक सिंह उपस्थित रहे। केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि युवाओं को स्वस्थ और फिट रहने के लिए उन्हें खेल के मैदान में भी उतरना होगा, जिससे कि खेल के क्षेत्र में भी भारत देश का राष्ट्रीय ध्वज पूरे विश्व में सर्वोपरि हो। उन्होंने युवाओं को अपने संबोधन में बताया कि, फिटनेस से केवल शारीरिक मजबूती ही नहीं अपितु एक गौरवशाली राष्ट्र का निर्माण होता है।

### आयोजित की गई हॉकी प्रतियोगिता

स्व.बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र स्थित हॉकी मैदान में आवासीय अकादमी बहतराई, छत्तीसगढ़ हॉकी व हॉकी बिलासपुर के खिलाड़ियों को दो दलों अशोक ध्यानचंद 11 एवं धनराज पिल्ले 11 में विभक्त कर सद्भावना मैच का आयोजन किया गया, जिसमें अशोक ध्यानचंद 11 ने धनराज पिल्ले 11 को 5-2 के अंतर से जीत दर्ज की। इस अवसर पर मैच के पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री ने खिलाड़ियों से परिचय लिया और स्वयं भी हॉकी स्टिक लेकर पेनाल्टी शूट आऊट कर खेल में हिस्सा लिया।

### संभाग स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता आज से

संभाग स्तरीय सब जूनियर शालेय कबड्डी क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए खेलगॉव नवागॉव की तीन बालिका कबड्डी खिलाड़ियों का चयन किया गया। ओमकारा स्पोर्ट्स क्लब खेलगॉव के एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि 30 अगस्त को स्व. बीआर यादव खेल प्रशिक्षण केंद्र इंडोर स्टेडियम बहतराई किया जाएगा। इसमें बिलासपुर संभाग सब जूनियर अंडर 14 शालेय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के लिए शासकीय हाई स्कूल पोंडी मे कक्षा 9 वी मे अध्यनरत छात्रा प्रतीक्षा जायसवाल, कक्षा 8 वी मे अध्यनरत छात्रा आराध्या पोर्ते, का चयन जिले की सब जूनियर अंडर 14 वर्ष बालिका कबड्डी टीम मे किया गया है।

## राजस्थान के खिलाड़ी धर्मेंद्र ने जीता मैराथन का प्रथम पुरस्कार



**बिलासपुर।** 29 अगस्त मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय मैराथन का आयोजन बिलासपुर में किया गया, जिसमें राजस्थान के धर्मेंद्र कुमार नें प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे, डॉ.विनोद तिवारी, डॉक्टर ओम माखीजा, शैलेश बाजपेई, छेदीलाल सराफ, शंकर यादव, शंकर सिंह परिहार, सुनील कुमार, हरगोविंद अग्रवाल, रित्विक उपस्तिथ थे। छत्तीसगढ़ स्टेयरस फाउंडेशन के तत्वाधान व समस्त खेल संघ द्वारा अखिल भारतीय मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन सीएमडी चौक से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौक, राजेन्द्र नगर चौक, नेहरू चौक, तिलक नगर कंपनी गार्डन, गोल बाजार, जूना बिलासपुर, गांधी चौक, पुराना हाईकोर्ट, शिव टाकीज चौक, इंदिरा गाँधी चौक, तारबहार चौक, सीमडी चौक होते हुए सीएमडी ग्राउंड में संपन्न हुई।

छत्तीसगढ़ स्टेयर्स के हेड मुकेश पुरी गोस्वामी ने बताया कि इस मैराथन प्रतियोगिता में देशभर 30 राज्यों से अधिक एथलीट ने भाग लिया। इसमें प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए, द्वितीय 31000 हजार, तृतीय 21000, चौथें स्थान के लिए 11000 रुपए, पांचवें स्थान के लिए 5000 रुपए एवं 11 सांत्वना पुरस्कार की राशि रखी गई।

### खेल दिवस पर याद किए गए मेजर ध्यानचंद



**बिलासपुर।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर शुक्रवार की सुबह से शहर सहित आसपास के क्षेत्रो में विभिन्न कार्यक्रम एवं खेल का आयोजन कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान पुलिस ग्राउंड, बहतराई के स्व. बीआर यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र के आउटडोर व इंडोर ग्राउंड सहित स्कूल व विश्वविद्यालय, रेलवे क्षेत्र में भी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें खेल संघों के अलावा जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, पुलिस प्रशासन और खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### हैंडबाल सीनियर व जूनियर का प्रदर्शन मैच



**बिलासपुर।** खेल दिवस के उपलक्ष में जिला हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में पुलिस मैदान हैंडबॉल ग्राउंड में सीनियर वर्ग व जूनियर वर्ग का मैच कराया गया। इस अवसर पर संघ के सचिव रामप्रताप सिंह, अध्यक्ष शिव नायडू व कोच यशस्वी शर्मा, सीनियर खिलाड़ी शाही रिजवान, कंचन धिरहि, आबिद अली, अनीश मिश्रा, सपना शर्मा, शामिल थे। इस दौरान सभी खिलाड़ियों को जर्सी वह हाफ पेंट वितरण किया गया।

## ब्रिलिएण्ट के विद्यार्थियों ने सीखे वित्त प्रबंधन के गुर



एजुकेशन प्लस

**बिलासपुर।** ब्रिलिएण्ट पब्लिक स्कूल बहतराई ने कक्षा-11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए वित्तीय साक्षरता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक, एन.जे. वेल्थ, रायपुर देवेश कक्कड़ और वित्तीय प्रबंधन विशेषज्ञ एवं सीए मनोज अग्रवाल उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को बचत और निवेश के मूल सिद्धान्त, वित्तीय बाजार में उपलब्ध निवेश साधन, सामान्य निवेश तकनीक, मुद्रास्फीति और निवेश की आवश्यकता की जानकारी दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों को धनसृजन करने का सूत्र भी समझाया। विद्यार्थियों को अपने जिज्ञासा व संदेह निवारण करने का अवसर दिया गया। विद्यालय अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थियों को विशेषज्ञों के सानिध्य से प्राप्त ज्ञान का लाभ उठाने की बात कही। निदेशक प्राचार्या डॉ. श्रुति गुप्ता ने निवेशक खाता और उसकी कार्यप्रणाली के विषय में प्रेरित किया। इसमें उप प्राचार्या रोजमेरी लक्ष्मन, श्रुति देशपाण्डे आदि का सहयोग रहा।

### संघर्षपूर्ण हॉकी मुकाबले में विजेता बनी असगर स्पोर्टिंग की टीम



**बिलासपुर।** चेतना अतुलनीय बिलासपुर सुरक्षित बिलासपुर और नगर हॉकी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस ग्राउंड में किया गया। इसमें संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले में असगर स्पोर्टिंग की टीम ने विजेता होने का गौरव हासिल किया।

हॉकी प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि कलेक्टर संतोष अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा, ट्रैफिक एएसपी गोपाल करियारे ने खेल दिवस पर सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के दो सेमीफाइनल मैच सुबह खेले गए। पहला सेमीफाइनल मैच असगर स्पोर्टिंग और फ्रेशर्स स्पोर्टिंग के मध्य बहुत ही रोमांचक रहा। ट्राईबेकर के माध्यम से अगसर सपोर्टिंग की टीम विजयी होकर फाइनल में पहुंची। दूसरा सेमीफाइनल मैच विजय स्पोर्टिंग और एसएस अकादमी के मध्य खेला गया, जिसमें अंतिम समय मे एसएस अकादमी की टीम की ओर से एक गोल किया गया और टीम फाइनल में पहुंच गई। फाइनल मैच असगर स्पोर्टिंग और एसएस अकादमी के मध्य खेला गया जो बहुत ही संघर्षपूर्ण और रोमांचक रहा। वहीं ट्राई ब्रेकर में दोनों टीम 3-3 के स्कोर पर रही। उसके बाद निर्णय सडण्नडेथ से निकला गया। सडन डेथ में असगर स्पोर्टिंग ने 4 -3 गोल से जीत हासिल कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। विजय स्पोर्टिंग की टीम तीसरे स्थान पर रही। फाइनल मैच के मैन आफ द मैच सैय्यद इस्तेफाक अली, बेस्ट डिफेंडर का एवार्ड रोहित रजक, बेस्ट फारवर्ड सागर सूर्यवंशी, बेस्ट स्कोरर मोहम्मद जुबैर, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट राहुल रजक के अलावा विजेता और उपविजेता की ट्रॉफी मरहूम स्व.करीम उल्लाह की स्मृति में दिया गया। मैच के अंपायर सैय्यद इंसान अली और हेमंत रजक थे। विजेता टीम को 15000 नगद मिर्जा मकसूद बेग की स्मृति में दिया गया। द्वितीय पुरस्कार 11000 रुपए नगद स्वर्गीय वीरेंद्र दत्त ओझा की स्मृति में, तृतीय पुरस्कार 5000 स्वर्गीय मिर्जा हसन बेग की स्मृति में, प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवार्ड मोहम्मद साजिद की स्मृति में, बेस्ट फॉरवर्ड और बेस्ट डिफेंडर का अवार्ड स्व.सज्जन अली की स्मृति में दिया गया।

### जब तक विद्यार्थी माटी में न खेले तब तक सफलता संभव नहीं : कुलपति



**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में मेजर ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल महोत्सव के रूप में मनाया गया। राष्ट्रीय खेल महोत्सव में भूटान एवं भारत के विद्यार्थियों के बीच फुटबॉल फ्रेंडली मैच खेला गया। उसके साथ-साथ वालीबाल, बास्केटबाल, कैरम, शतरंज सहित अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई । जिसमें विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर विक्रम पंकज पुरस्कार से सम्मानित वॉलीबॉल खिलाड़ी डॉ यामिनी जायसवाल मौजूद थीं। सभी ने शारीरिक और रूप से मजबूत होने और मानसिक रूप से संतुलित रहने का संकल्प भी लिया। राष्ट्रीय खेल महोत्सव में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि जब तक विद्यार्थी अपने मातृभूमि की मिट्टी को नहीं छूता है, जो मैदान में नहीं खेलता है। तब तक उसेजीवन में सफलता नहीं मिलती है। उन्होंने कहा मोबाइल, टीवी और घर की चारदीवारी जीवन नहीं होता है। सफल लोगों के जीवन में हमेशा खेल ने अपना विशेष स्थान रखा है ।

### सीवीआरयू मलखंब टूर्नामेंट की करेगा मेजबानी : कुलसचिव

विश्वविद्यालय की कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि डॉ सी वी रमन विवि को ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट मलखंब की मेजबानी की जिम्मेदारी मिली है। जिसमें ईस्ट जोन के सभी यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी विवि में शामिल होकर भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि विवि में वैश्विक स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध है जिसमें आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों को अवसर प्रदान किया जा रहा है । विद्यार्थियों ने खेलो इंडिया खेलो और अंतर्राष्ट्रीय योग तक विदेश में अपनी सफलता का परचम लहराया है । साथ ही शारीरिक शिक्षा विभाग के रोहित रजक को शहीद विक्रम अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। यह पुरस्कार 3 सितंबर को रायपुर में दिया जाएगा। डॉ यामिनी जायसवाल एलुमनाई को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राम सिंह यादव डीएसपी सूरजपुर एवं दीपक सिंह , डॉ जयति चटर्जी, डॉ जयशंकर यादव ,डॉक्टर ब्रम्हेश श्रीवास्तव ,डॉ गणेश खंडेकर,डॉ युवराज श्रीवास्तव,डॉ बी जॉन, मीनाक्षी श्रीवास्तव, रोहित रजक, प्रतीक सिंह, तारिणी वर्मा आदि मौजूद थीं।

## मित्तल फर्नीचर में गणेश चतुर्थी ऑफर 20%की छूट



बिजनेस प्लस

**बिलासपुर।** अमेरी चौक स्थित मित्तल फर्नीचर शोरूम के संचालक संजय मित्तल एवं पवन मित्तल ने बताया कि गणेश चतुर्थी आफर चलाया जा रहा है, जिसके तहत 20% की छूट दी जा रही है। इसके साथ ही मैरिज पैकेज बेड रूम सेट मात्र 47000 में प्राप्त कर सकते हैं। जिसके अंतर्गत बेड, अलमारी, ड्रेसिंग एवं मेटैस शामिल हैं। हमारे यहां सोफ़ा, बेड, दीवान, अलमारी, क्रोकरी सेट, एलईडी टीवी सेट, कंप्यूटर टेबल, ऑफिस चेयर, रिवाल्विंग चेयर, झूला आदि फर्नीचर रेडी स्टॉप उपलब्ध हैं। कैटलॉग के द्वारा ऑर्डर में भी बनाया जाता है। लोगों की सुविधाओं के लिए आसान बजाज फाइनेंस एवं एचडीएफसी बैंक से फायनेस की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि गत 23 वर्षों से लगातार अपने ग्राहकों को सेवा प्रदान करते आ रही है। हमारी एक और ब्रांच व्यापार विहार में भी स्थित है। वहां भी ऑफर चालू है। इसका लाभ ग्राहक ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि मित्तल फर्नीचर की मांग शहर सहित ग्रामीण इलाकों में भी काफी है। हमारे द्वारा चलाई जा रही ऑफर को लोग काफी पंसद कर रहे हैं, इसका हमे अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। गणेश चतुर्थी ऑफर को लेकर ग्राहकों में काफी उत्साह है।

## जिला उद्योग संघ के सेमिनार में ग्रीन पैकेजिंग पर व्याख्यान

# पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव डालती है ग्रीन पैकेजिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जिला उद्योग संघ द्वारा सीपेट रायपुर के सहयोग से ग्रीन पैकेजिंग पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें सीयू के सहायक प्राध्यायक गणेश प्रसाद शुक्ला, फाउंडर एवं सी ई ओ, मटूलूसनस प्राइवेट लिमिटेड रेहान अली, प्रमुख परीक्षण विभाग सीपेट सुश्री सस्मिता मिश्रा ने ग्रीन पैकेजिंग की विभिन्न इकाइयों पर व्याख्यान दिए।

ग्रीन पैकेजिंग जिसे सस्टेनेबल पैकेजिंग या पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग भी कहते हैं, ऐसी पैकेजिंग है जो पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव डालती है. इसमें जैवनिम्नीकरणीय, कंपोस्टेबल, पुनर्नवीनीकरण या पुनर्नवीनीकरण योग्य सामग्री का उपयोग होता है। यह पैकेजिंग कम कचरा पैदा करने, संसाधनों का संरक्षण करने और ऊर्जा की खपत को कम करने पर केंद्रित होती है। इसमें यह पुनर्नवीनीकृत, बायोडिग्रेडेबल, कंपोस्टेबल, नवीकरणीय या नवीन सामग्रियों से बनी होती है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होता है। इसमें सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक न्यूनतम सामग्री का उपयोग किया जाता है, जिससे पैकेजिंग अपशिष्ट कम होता है। इसे आसानी से दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है या पुनर्चक्रण (रीसायकल) किया जा सकता है, जिससे कचरे की मात्रा घटती है। इसके निर्माण में नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग किया जाता है, जिससे कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण कम होता है। इसमें ग्रीन पैकेजिंग केवल उत्पाद के अंत में निपटान पर ही नहीं, बल्कि कच्चे माल के स्रोत से लेकर निर्माण और परिवहन तक के पूरे जीवन चक्र पर विचार करती है। वहीं माइसीलियम से बनी यह पैकेजिंग स्टायरोफोम (फोम) का एक टिकाऊ और हल्के विकल्प है।

बांस बायोडिग्रेडेबल होते हैं और पर्यावरण पर इनका नकारात्मक प्रभाव बहुत कम होता है। मुख्य अतिथि सी आर टेकाम, आलोक साहू, हरीश केडिया, अरविंद तिवारी, सतीश शाह, सुनील मर्दा, जितेंद्र गांधी, चन्द्रकांत भट्ट ने स्वागत व स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

### इनकी रही उपस्थिति

उद्योग संघ के पूर्व अध्यक्ष सुनील मर्दा, चंद्र कांत भट्ट, जितेंद्र गांधी, ब्रिज मोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुनील सुल्तानिया, एन.एस.राजू , राम सुखीजा, हनुमान अग्रवाल, विजय गमे,कमलजीत सोहल, प्रवीण पटेल, प्रकास्ध त्रिवेदी, पवन नालोतिया, मनीष कश्यप, अनिल सिद्र, पूरण लाल सिदारा, तरुण मंग्तानी, भागचंद पंजवानी, अशोक उब्रानी, दीपक नाग्देओ, विजय सीदारा, आनंद सराफ, शंकर मनचंदा, ललित पटेल, निलेश पटेल, हरीश मंग्नानी, सौरभ अग्रवाल, मुकेश मल्घानी, संजय पटेल, मीत मुरर्रक, दीपक जैन, अंकुर अग्रवाल, किशोरे पटेल, दिनेश पटेल, के.सी.भरद्वाज, द्वारिका गुप्ता, विपुल गोलचा आदि ने भाग लिया।

## बिजनेस साइट

### थीमैटिक फंडः उभरते अवसरों में निवेश करने का एक स्मार्ट तरीका



**अनिरवान पाल**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर,
बिलासपुर

**बिलासपुर।** सबसे ज्यादा फायदेमंद निवेश रिटर्न और वह अल्फा जो किसी पोर्टफोलियो को काफी बढ़ावा देता है, अक्सर तब मिलता है जब निवेशक किसी उभरते हुए सेक्टर को जल्दी पहचानकर उसमें निवेश करते हैं। ऐसे में, एक नया या उभरता हुआ सेक्टर जिसमें उच्च विकास क्षमता हो, की तलाश अक्सर सभी करते हैं। हालांकि, ऐसे सेक्टर्स को उनके शुरुआती चरण में पहचानना आसान नहीं होता। ज्यादातर रिटेल निवेशक साइकिल के अंत में निवेश करते हैं, जब सेक्टर शुरुआती निवेशकों को पहले ही अच्छा-खासा रिटर्न दे चुका होता है। ये शुरुआती निवेशक, सेक्टर की विकास कहानी के लड़खड़ाने की स्थिति में नकारात्मक जोखिमों को झेलने के लिए बेहतर स्थिति में होते हैं।
तो, रिटेल निवेशक ऐसे उभरते हुए थीम्स या उभरते हुए सेक्टर्स में प्रभावी ढंग से कैसे भाग ले सकते हैं जो मल्टी-बैगर बन सकते हैं?

सबसे प्रभावी तरीकों में से एक थीमैटिक म्यूचुअल फंड है। इन फंडों का प्रबंधन अनुभवी प्रोफेशनल्स द्वारा किया जाता है जो आशाजनक सेक्टर्स या थीम्स की पहचान करने के लिए गहन बाजार समझ, व्यापक आर्थिक विश्लेषण और कई बाजार चक्रों के अनुभव का उपयोग करते हैं। फंड मैनेजर समझते हैं कि बाजार का नेतृत्व बदलता रहता है। सिर्फ इसलिए कि किसी क्षेत्र ने पिछले साल अच्छा प्रदर्शन किया, इसका मतलब यह नहीं है कि वह आगे भी बेहतर प्रदर्शन करता रहेगा। उदाहरण के लिए, बैंकिंग सेक्टर, जो आर्थिक सुधार का एक प्रतिनिधि है, पिछले दस कैलेंडर वर्षों में से पांच वर्षों में टॉप प्रदर्शन करने वाला सेक्टर रहा। फिर भी, बहुत कम सेक्टर लगातार दो वर्षों तक टॉप स्थान बनाए रखते हैं। किसी देश के व्यापक आर्थिक संकेतकों और सेक्टर के प्रदर्शन के बीच संबंध शायद ही कभी रैखिक होता है और अक्सर काफी जटिल होता है। अधिकांश रिटेल निवेशकों के पास इन पैटर्नों को समझने के लिए समय, संसाधन या विशेषज्ञता नहीं हो सकती है। भले ही कोई किसी उभरते हुए विषय की सफलतापूर्वक पहचान कर ले, भय और लालच जैसे व्यवहारिक पूर्वाग्रह समय से पहले मुनाफावसूली या देरी से निकासी का कारण बन सकते हैं, अक्सर तब जब बड़े संस्थागत निवेशक पहले ही अपनी पोजीशंस कम कर चुके होते हैं। टैक्सेशन के दृष्टिकोण से, फंड-ऑफ-फंड्स (एफओएफ) स्ट्रक्चर्स के माध्यम से ऐसे थीम्स में निवेश करने से अतिरिक्त लाभ मिलते हैं। यदि होल्डिंग अवधि दो वर्ष से अधिक है, तो डायरेक्ट इक्विटी निवेश पर लागू उच्च स्लैब दरों की तुलना में, लॉन्गटर्म कैपिटल गेन्स पर 12.5 प्रतिशत की रियायती दर से कर लगाया जाता है। इसके अनुरूप, विभिन्न सेक्टर्स और थीम्स में उभरते अवसरों का लाभ उठाने के इच्छुक निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल थीमैटिक एडवांटेज फंड (एफओएफ) पर विचार कर सकते हैं। यह फंड ऑफ फंड्स स्कीम, सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स के डायवर्सीफाइड मिक्स में निवेश करती है, जिससे बेहतर निवेश का मौका मिलता है। 30 जुलाई, 2025 तक, इस फंड ऑफ फंड्स स्कीम ने एक साल का रिटर्न 8.23 प्रतिशत, तीन साल का चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 20.68 प्रतिशत और पांच साल का सीएजीआर 26.08 प्रतिशत रहा है।

बिलासपुर, शनिवार 30 अगस्त 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




## जगह-जगह विराजे सिद्धिविनायक



गोल्डन गणेश समिति सीएमएचओ ऑफिस।


सेंट्रल लाइब्रेरी गणेशोत्सव।


राजेन्द्रनगर गणेश उत्सव समिति।


सार्वजनिक गणेश किलावार्ड।


रपटा चौक गणेश उत्सव समिति।


गौरीपुत्र गणेश चांटीडीह।


जय मां काली पचरीघाट।


गणेश उत्सव समिति मंगला।


सार्वजनिक गणेश उत्सव दीनदयाल।


शिव मंदिर मोपका।


राधा कृष्ण मंदिर गणेश लोधीपारा।


मां पार्वती गणेशोत्सव मंगला।


महादेव गणेश उत्सव स्मार्ट रोड।


बावली कुंआ गणेशोत्सव।


श्याम गणेशोत्सव कोतवाली चौक।


शंकर पार्वती गणेश सरकंडा।


हनुमानगढ़ी गणेशोत्सव राजकिशोर नगर

# गणपति हवन, अभिषेकम कर की गई सहस्त्रनाम अर्चना

रेल्वे कंस्ट्रक्शन कॉलोनी के श्री सुमुख गणेश मंदिर में 5 दिवसीय गणेश चतुर्थी पूजा उत्सव का आयोजन किया गया है। 31 अगस्त तक चलने वाले इस उत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को गणेश भगवान का गणपति हवन, अभिषेकम, सहस्रनाम अर्चना, व रूद्राभिषेकम किया गया।



### सुमुख गणेश मंदिर में चल रहा गणेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री सुमुख गणेश भगवान पर बिलासपुरवासियों की विशेष आस्था है। माना जाता है कि श्री सुमुख गणेश लोगों की सुनते हैं इसलिए लोग अपने घर में नई गाड़ी या शादी व्याह के अवसर पर सुमुख गणेशजी का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर पहले दिन बुधवार को गणपति हवन, अभिषेकम्, सहस्त्रनाम अर्चना, महादीप आराधना की गई। प्रातः साढ़े 9 बजे से साढ़े 11 बजे तक भक्त जन दर्शन एवं प्रसाद का वितरण किया गया। शाम को अभिषेकम, सहस्त्रनाम अर्चना व महादीप आराधना का कार्यक्रम हुआ। शाम 7 से रात्रि 10 बजे तक भक्त जन दर्शन एवं प्रसाद वितरण किया गया। गुरुवार व शुक्रवार को भी पूजा का यही क्रम चला। शनिवार 30 अगस्त को पूजा का क्रम व समय पूर्वानुसार ही रहेगा। गणेश उत्सव को सफल बनाने मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य व सेवादार उत्साह से सेवाएं दे रहे हैं।

### भक्तों को दर्शन देने निकलेंगे 31 को

रविवार 31 अगस्त को प्रातः साढ़े 5 से 6 बजे तक गणपति हवन, 7 से 10 बजे तक रूद्राभिषेकम्, अभिषेकम, सहस्रनाम अर्चना, महादीप आराधना की जाएगी। सुबह 10 बजे से भक्तजन दर्शन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। सायं 5 से 7 बजे तक चंदन लेपन, अलंकार, सहस्रनाम अर्चना, महादीप आराधना होगी। सायं साढ़े 7 बजे श्री सुमुख गणेश अपने मूषक वाहन में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने हेतु निकलेंगे। रथयात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर तारबाहर, महेश स्वीट्स तक जाकर वापस अपने मंदिर की ओर आएगी। रथयात्रा बाजे गाजे सहित आतिशबाजी के साथ निकाली जाएगी।







### व्यंजन स्पर्धा का आयोजन

शांति नगर उत्सव समिति और शांतिनगर महिला मंडल द्वारा शुक्रवार को व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शांतिनगर महिला मंडल की अध्यक्षा आभा शुक्ला और शांतिनगर उत्सव समिति के सचिव संदीप शुक्ला द्वारा किया गया।

# 136 प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

### प्रणवम महोत्सव में नृत्य, संगीत की प्रस्तुति

कृषि महाविद्यालय सरकंडा के ऑडिटोरियम में चल रहे प्रणवम महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को कला, नृत्य और संगीत की 136 प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसमें 85 प्रस्तुतियां संगीत की रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। मंच पर कुचिपुड़ी, कथक, मोहिनीअट्टम जैसे शास्त्रीय नृत्य, वाद्य यंत्र, लाइव संगीत बैंड, पश्चिमी संगीत, शास्त्रीय और हिंदुस्तानी संगीत की प्रस्तुतियों ने समा बांध दिया। अंत में कार्यक्रम में श्रेष्ठ गुरुओं का सम्मान तीन वर्गों में किया गया। गुरु द्रोणाचार्य सम्मान एम. वरलक्ष्मी, बी.के. बरेठ व केवरा आर. निर्मलकर, कला वसिष्ठ सम्मान सुयोग पाठक एवं क्रेयटन मार्क क्यूबिन्स, गुरु गौरव सम्मान रंजीता मुखर्जी, आशीष चक्रवर्ती, राकेश मिर्धा एवं प्रशांत जायसवाल को दिया गया। वहीं प्रतिभाशाली कलाकारों को भी विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा गया। राष्ट्रीय उत्कृष्ट पुरस्कार ऐशानी सिंह व जानवी सोनी, कला शिखामणि पुरस्कार प्रियंका सलूजा, तनुश्री चौहान व रेशिका गोदाबा को दिया गया। यह पुरस्कार गुरु श्वेता नायक ने प्रदान किया।







### ये रहे प्रतियोगिता के परिणाम

जूनियर वर्ग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार तूलिका दास, स्वीटी मैती, आरव देवांगन, इनाया यादव, हिमांशी बाफना, भूमिका मिश्रा, एन. सात्विका, सी.एच. मयूरी, द्वितीय पुरस्कार स्मृति प्रभात, जोइता चक्रवर्ती, अदिति पांडेय, अनुषा मिश्रा, श्रुति हर्षित, मेधा सारथी, लव कुमार साहू, विहान टाटिया, कार्तिका तिवारी, अनिका अग्रवाल, वैभव नायक, श्रेया मानिकपुर, अरमान, कैरा जुनेजा, अंशिका, अहाना साहू, वैभव पटेल, मेंदा नेलाक्षी, ऐश्वर्या रहांगडाले, अनुष्का शर्मा, वी.एन.के. वर्षिता, एस. जयश्री, एम. लवली आर्य, तृतीय पुरस्कार आनंदिन विश्वनाथ, के. पद्मावती, अधिकारला निहारिका, मायरा टौंक, अन्विता सिंह, वाई. मानवी, अन्वी चौरसिया, गीता प्रेम कुमार, पी. वीणा अचारी, सर्वश्रेष्ठ संस्था का पुरस्कार रायपुर की एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल को प्रदान किया गया।

# शहर की प्रियंका ने दी चक्रधर समारोह में कथक की प्रस्तुति

40 वें चक्रधर समारोह रायगढ़ में शहर की उभरती कथक नृत्यांगना प्रियंका सलूजा का कथक नृत्य हुआ। जहां पर उन्होंने अपने गुरु भूपेंद्र बरेठ के निर्देशन में रायगढ़ घराना शैली में कथक नृत्य प्रदर्शन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जिसमे प्रियंका ने गणेश वंदना, ताल पक्ष जिसमे रायगढ़ घराने के कुछ बंदीसे मैत्रावरुण, दलबादल,कृष्ण परण तथा राजा चक्रधर सिंह की ठुमरी चंद्र बदनी पर भाव विभोर नृत्य किया। प्रियंका सलूजा की प्रस्तुति और तैयारी देखते बन रही थी और दर्शकों की तालियो से हाल गूंज उठा था।

संचालन एवं तबला वादन स्वयं उनके गुरु भूपेंद्र बरेठ जी, गायन एवं हारमोनियम में साहिल सिंह ठाकुर, सारंगी पर शफीक हुसैन, ऑर्गन जगमोहन पटेल मंजीरा में सुहाना सलूजा ने साथ दिया। चक्रधर समारोह भारत के प्रसिद्ध समारोह में गिना जाता है,जहां पर देश-विदेश के बड़े से बड़े कलाकार जैसे बिस्मिल्लाह खान, जसराज,हेमा मालिनी,वैजयंती माला,कैलाश खेर, जगजीत सिंह,कविता कृष्णमूर्ति जैसे दिग्गज कलाकार अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं।

प्रियंका सलूजा अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने गुरु भूपेंद्र बरेठ एवं अपने माता-पिता तथा परिवार को देती हैं,जिन्होंने उन्हें भरपूर सहयोग प्रदान किया। चक्रधर समारोह में आपके साथ संगत कलाकार के रूप में

कार्नर न्यूज

### सिद्धांत को पहला, सिद्धार्थ को मिला आठवां रैंक

# सीजी पीएससी में सेंट्रल लाइब्रेरी के दो छात्रों का चयन

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट डायरेक्टर इंडस्ट्री परीक्षा 2024-25 के परिणाम घोषित हुए हैं। इस परीक्षा में सेंट्रल लाइब्रेरी के छात्र सिद्धांत दुबे पिता गणेश चंद्र दुबे ने पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान व सिद्धार्थ तिवारी ने 8 वां स्थान प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। सिद्धांत ने कहा कि उद्योग विभाग की योजना को साकार करने उनका पूरा प्रयास रहेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



मैकनिकल इंजीनियर में बीटेक. सिद्धांत ने हरिभूमि लाइव की टीम से चर्चा करते हुए बताया कि पढ़ाई के समय से ही पीएससी पास करना उनका एकमात्र उद्देश्य रहा। अपने इस उद्देश्य को पूरा करने वे स्वयं अपने दोस्तों के साथ मिल कर तैयारी की। वर्ष 2022 से सेंट्रल लाइब्रेरी में चार दोस्तों की ग्रुप बना कर निरंतर स्टडी कर रहे थे। यहां जीएम आईटी श्रीनिवास एवं इंक्यूवेशन सेंटर प्रभारी धनंजय पाण्डेय का सपोर्ट मिला। इसका परिणाम यह रहा कि उनके ग्रुप के सत्येन्द्र बंजारे व हिमलेश्वरी कंवर पहले ही पीएससी में सलेक्ट हो चुके हैं। इस बार उन्हें एवं उनके ग्रुप के सिद्धार्थ तिवारी को सफलता मिली है। इस परीक्षा में कुल 30 पद थे। जिनमें सिद्धांत दुबे ने अपना पहला स्थान बनाकर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है। सिद्धार्थ का 8 वां रैंक है। सिद्धांत ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि वे अपने माता-पिता की उम्मीदों पर खरा उतरा है। उन्होंने मुझे पढ़ाने काफी संघर्ष किया। मेरे से कोई भी घरेलू समस्या छिपा कर रखे और पढ़ाई संबंधी मेरी हर जरूरतों को पूरा किया। इससे मुझे काफी संबल मिला और आज उनके आशीर्वाद से सफल हो सका हूं।

### ये भी बने सहायक

असिस्टेंट डायरेक्टर इंडस्ट्रीज पद के लिए चयनित सिद्धांत ने बताया कि मंजिल पाने मेहनत के साथ ही धैर्य जरूरी है। पढ़ाई के साथ ही इंटरनेट, यू-ट्यूब, पुराने प्रश्न-पत्रों से सिलेबस से जुड़ी काम की चीजों को देख कर किताबों में ढूढ़ा। फिर इसी का नोट्स बना कर पढ़ाई की। सफल होने में ये चीजें भी काम आया।

### आयुक्त करते हैं मॉनिटरिंग

इंक्यूवेशन प्रभारी श्री पाण्डेय ने बताया कि सेंट्रल लाइब्रेरी में बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए हर सप्ताह विशेषज्ञों द्वारा सलाह दी जाती है। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार द्वारा पूरे कार्यक्रम का प्रतिदिन के हिसाब से मॉनिटरिंग की जाती है।

### नोट्स बना कर किया अध्ययन

जांजगीर-चांपा के रहने वाले सिद्धांत का कहना है कि किसी भी काम में सफल होने के लिए मेहनत करना जरूरी है। वे कक्षा 6 वीं से पढ़ाई करने बाहर है पर इसका उन्हें फायदा भी मिला। जीवन में गलतियां हुई फिर उन गलतियों से सीखा भी। नोट्स बना कर अध्ययन करते रहे। उन्होंने कहा कि लंबे समय की तैयारी व मेहनत के बाद उन्हें उद्योग विभाग में कार्य करने का मौका मिला है। राज्य सरकार की भी नई औद्योगिक नीति के माध्यम से राज्य का विकास करने की योजना है। इसे साकार करने उनका भी प्रयास रहेगा। इससे राज्य का विकास होगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा। यह अपने छत्तीसगढ़ के लिए एक अच्छा संकेत होगा।

## खबर संक्षेप

### पार्षद की नेम प्लेट तोड़ी, शिकायत दर्ज

**करगीरोड कोटा।** नगर पंचायत कोटा के वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद पार्वती योगेन्द्र साहू ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि, उनके निवास स्थान के बाहर लगाया गया वार्ड पार्षद का नेम प्लेट किसी अज्ञात व्यक्ति ने तोड़ दिया है। पार्षद ने इसे आपसी द्वेष का परिणाम बताते हुए कहा कि, इस घटना से उन्हें मानसिक कष्ट पहुंचा है। उन्होंने आरोपी की शीघ्र तलाश कर, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। पार्षदों ने इस घटना को लेकर नाराजगी जताई है।

### 10 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त



**लोरमी।** ग्राम बैगाकापा में आबकारी विभाग ने छापेमार कार्रवाई करते हुए 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध कायम कर लिया। जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, रविशंकर साय के कुशल मार्गदर्शन में आबकारी विभाग की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को आबकारी उपनिरीक्षक अमित शाह ने स्टाफ के साथ ग्राम बैगाकापा में छापेमार कार्रवाई करते हुए प्राण दास डाहिरे के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर लिया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की गैर जमानती धारा 34 (1) (क), 34(2) व 59 (क) के तहत अपराध कायम किया गया।

### घर में घुसकर गाली गलौज, मारपीट, जुर्म

**तखतपुर।** घर घुसकर गाली गलौज कर मारपीट करने वालों के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार बीजा निवासी बल्दाऊ साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 अगस्त की रात को संजय साहू घर आया और समान को क्यों रखे हो कहते हुए वाद विवाद करने लगा और धमकी देकर चला गया। 27 अगस्त की दोपहर 1 बजे भागवत साहू, संजय साहू, हरिश साहू गाली गलौज करते हुए लेंटर पारकर बहन त्रिवेणी साहू को गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने धारा 115, 2 296, 3, 5 333, 351, 2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## निधन

### शकुंतला गुप्ता



**बिलासपुर।** ग्राम करंजिया, जिला डिंडौरी मध्य प्रदेश निवासी शकुंतला गुप्ता पति स्व.मिठाई लाल गुप्ता का शुक्रवार को बिलासपुर में निधन हो गया। वे 72 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम करंजिया में किया गया। वे वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सुनील गुप्ता, शैलेश गुप्ता, संदीप गुप्ता, श्रीमती कल्पना एवं अर्चना गुप्ता की माता थीं।

### मयंक शुक्ला



बिलासपुर। टिकरापारा निवासी मयंक शुक्ला का निधन हो गया। वे 34 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद मधुबन में शुक्रवार को किया गया। वे पंडित संकल्प शुक्ला के भाई थे।

### अनंत नाथ देवांगन



**बिलासपुर।** देवनंदन नगर फेस 1 सरकंडा निवासी अनंत नाथ देवांगन का 29 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## किसी भी दुकान में नहीं मिला यूरिया खाद
# कृषि विभाग ने किया खाद दुकानों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तुरी

विधानसभा क्षेत्र में स्थापित सहकारी समितियों में यूरिया खाद की कमी एवं खाद्य की कालाबाजारी को लेकर कलेक्टर ने मस्तूरी ब्लॉक की दुकानों में निरीक्षण करने का निर्देश उपसंचालक कृषि को दिया।

इसी परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार को उप संचालक पीडी हथेश्वर ने कृषि विभाग के कर्मचारियों की तीन अलग-अलग टीमें बनाकर ब्लॉक के मस्तूरी एवं सीपत परिक्षेत्र में स्थित निजी उर्वरक विक्रय संस्थानों का औचक निरीक्षण कराया। इस दौरान निरीक्षण टीम को किसी भी संस्थान में यूरिया खाद उपलब्ध नहीं मिली। निरीक्षण के दौरान टीम को यह जानकारी जरूर मिली कि, क्षेत्र में खाद नहीं मिलने से किसानों समीपवर्ती जिला जांजगीर एवं बलौदाबाजार से अधिक दाम पर यूरिया खाद लेने को विवश हैं। ब्लॉक के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एके आहिरे ने बताया कि, उपसंचालक कृषि के निर्देश पर मस्तूरी विकास खंड में स्थित 67 निजी उर्वरक विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर जांच की गई तो, किसी भी स्थान में यूरिया उपलब्ध नहीं मिली, जिसका पंचनामा तैयार किया गया है। कालाबाजारी के संबंध में किसानों से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। ज्ञात हो कि विधायक दिलीप लहरिया ने खाद की कालाबाजारी को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। जांच टीम मे एके आहिरे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, मनोज खांडेकर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, दिग्विजय सिंह क्षत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी व कृषक मित्र अशोक जायसवाल सहित अन्य शामिल रहे।



खाद दुकान में जांच करते अफसर।

### उन्नत कृषि केंद्र लोहारी को किया गया सील

**गौरेला।** राजस्व एवं कृषि विभाग के द्वारा किए गए आकस्मिक निरीक्षण के दौरान बिना लायसेंस एवं प्रिंसिपल सर्टिफिकेट के गोदाम में उर्वरक भंडारण पाए जाने पर उन्नत कृषि केंद्र लोहारी को सील कर दिया गया। कृषि विभाग की टीम ने 6.70 क्विंटल भारत एनपीके उर्वरक को जब्त कर भंडारण की जवाबदारी में विक्रेता आशीष कुमार गुप्ता के सुपुर्द किया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि, जिले के तीनों विकासखण्डों में निजी विक्रेताओं की दुकानों, भंडारण स्थलों का निरीक्षण कर खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाइयों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है एवं अवैध भंडारण एवं अमानक पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गुरूवार को नगर पंचायत मरवाही के वार्ड क्रमांक 2 में उन्नत कृषि केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर कार्रवाई की गई। निरीक्षण दल में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मरवाही निकिता मरकाम, तहसीलदार प्रीति शर्मा, उर्वरक निरीक्षक आर के कश्यप एवं अन्य अधिकारी शामिल थे।



# छात्र-छात्राओं ने किया संगीत, नृत्य नाटक और दृश्य कला का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

पीएमश्री सेजेस जेएमपी के परिसर में विकासखंड स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों ने संगीत, नृत्य, नाटक और दृश्य कला जैसी विभिन्न श्रेणियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में जिला स्तर कला प्रतियोगिता के लिए संगीत गायन एकल शिवादास मानिकपुरी सेजेस रानीडेरा संगीत गायन समूह प्रियंका गोस्वामी एवं समूह सेजेस रानीडेर संगीत वादन एकल स्वर वाद्य। विक्की ढीमर सेजेस रानीडेरा नृत्य एकल शास्त्रीय साक्षी देवांगन पीएम श्री सेजेस जेएमपी तखतपुर नृत्य समूह क्षेत्रीय लोकनृत्य नाजू विश्वकर्मा सेजेस रानीडेरा नाटक समूह संजना यादव एवं समूह सेजेस सकरी दृश्य कला एकल द्वि आयामी श्रद्धा कश्यप पीएम श्री सेजेस जेएमपी तखतपुर दृश्य कला एकल त्रि आयामी मूर्तिकला दुर्गेश पटेल सेजेस रानीडेरा दृश्य कला समूह त्रि आयामी संजनी विश्वकर्मा हाई स्कूल पाली पारंपरिक कहानी वाचनः आंचल पांडे हाई स्कूल खमहरिया रहे। सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन श्रीकांत मिश्रा ने किया।इस अवसर पर बीईओ कामेश्वर बैरागी सहित एच एस क्षत्रीय बीजा, सायरा रूबी हनीफी चिचिरदा, डीएच कुंजाम बालक तखतपुर, सरिता मिश्रा भरनी, डॉ रश्मि सिंह ध्रुव पाली, मिली द्विवेदी बेलपान, रोजलिया खलखो पुरेना, कृपा ग्लोरिया एक्का दैजा, श्वेता सिंह,बेहतराई, रेखा बारमते खम्हारिया, इंद्रभान सिंग कंवर संजय सोनी ,संजय ठाकुर, सीबी देवांगन, विनोद जायसवाल, आबिद अंसारी, सुजीत कश्यप, महेश दत्त पाठक, सोनिया सोनी, अंतरा मैत्री, संजय वैष्णव, आरती त्रिपाठी, अभिजीत शर्मा, हेमलता सोनी, जेपी कौशल, हुमा सिद्दीकी, शुभा ताम्रकार, पंकज सिंह, सावित्री मार्कण्डेय, विनोद चंद्रवंशी, अनिल कुमार धुरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गौवंश परिवहन में प्रयुक्त दो वाहन राजसात

**मुंगेली।** जिले में अवैध पशु परिवहन एवं पशु क्रूरता की घटनाओं पर रोकथाम के लिए प्रशासन की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में कलेक्टर एवं कुन्दन कुमार ने दो अलग-अलग मामलों में गौवंश परिवहन में उपयोग किए गए वाहनों को छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2014 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के प्रावधानों के तहत राजसात करने का आदेश पारित किया है। पहले मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों द्वारा अवैध रूप से पशु का वध कर मांस बेचने की सूचना पर कार्रवाई की। जांच के दौरान परिवहन में प्रयुक्त वाहन क्रमांक सीजी 22 एच 2146 को जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। विवेचना उपरांत वाहन को राजसात करने का प्रस्ताव जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर आदेश पारित करते हुए वाहन को शासन पक्ष में राजसात किया गया। दूसरे मामले में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने वाहन क्रमांक सीजी 12 एस 1945 से गौवंश परिवहन किए जाने की सूचना पर कार्रवाई की। जांच में पाया गया कि, वाहन में 34 नग गौवंशों की अवैध तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने वाहन को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया।

# गांवों में चौपाल लगाकर लोगों को किया जा रहा गौ सेवा के लिए जागरूक



**मुंगेली।** सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ती जनहानि और पशुहानि की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिले में ''गौ सेवा संकल्प अभियान'' की शुरुआत की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बेसहारा एवं सड़कों पर छोड़े गए मवेशियों के बेहतर प्रबंधन, सेवा और संरक्षण को सुदृढ़ करना है। अभियान अंतर्गत गायों के प्रति सेवा संरक्षण और सहयोग को ग्राम स्तर पर पहुंचाने के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायतों में चौपाल का आयोजन कर लोगों को जागरूक करते हुए गायों का प्रति सेवा, संरक्षण एवं सहयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ड. आर.एम. त्रिपाठी ने बताया कि मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम धनगव (च.) में गौ सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत गौ चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान 13 लोगों को गौ सेवा मित्र का फार्म भराया गया और गौ सेवा तथा संरक्षण के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारी–कर्मचारी सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## हरिकीर्तन प्रतियोगिता में खाम्हीकुर्मी मंडली को मिला प्रथम पुरस्कार



**लोरमी।** ग्राम औराबांधा में हरिकीर्तन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न रामधुनी समितियों ने हिस्सा लिया। रामधुनी मंडलियों को प्रोत्साहित करने प्रथम स्थान प्रप्त करने वाली खाम्हीकुर्मी की मंडली को नगद 13 हजार व शील्ड देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष श्रीकांत पांडे ने कहा कि, हमारी सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने का बहुत अच्छा प्रयास है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनय साहू ने कहा कि, ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और प्राचीन परम्पराओं को जानने का अवसर मिलता है, साथ ही गांव में धार्मिक वातावरण स्थापित होता है। उन्होंने इसके साथ समस्त ग्रामवासियों को ऐसे आयोजन के लिए सदैव प्रोत्साहित करने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीकान्त पांडे, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनय साहू, उदय जायसवाल, चंपा प्रदीप साहू, दिनेश कश्यप, राजेन्द्र साहू, भवानीशंकर साहू, दरबारी साहू, टेकलाल साहू, बाबूराम साहू, हीरा साहू, चेतन साहू, दिलहरन साहू, रेखा संजय साहू, पीतांबर जायसवाल, नाथू जायसवाल, भागवत साहू, मंगल, कृष्ण, चैतराम, दीवानचंद साहू, भरत जायसवाल, जगन्नाथ, सुधे राम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गंगाराम साहू एवं आभार टेकराम साहू ने किया।

# न्यायालय की गाइड लाइन के अनुसार हो ध्वनि यंत्रों का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

गणेश उत्सव को शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को पथरिया पुलिस ने नगर पंचायत के सभा कक्ष मे शांति समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में प्रशासन, पुलिस, जनप्रतिनिधि और विभिन्न गणेश उत्सव समितियों के सदस्यों के साथ डीजे संचालक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

पथरिया एसडीएम रेखा चंद्रा ने कहा कि, गणेश उत्सव धार्मिक आस्था का पर्व है, इसलिए गणेश जी की प्रीतिमा एंव विसर्जन तक गरिमा बनाए रखना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने ध्वनि यंत्रों के उपयोग में न्यायालय की गाइडलाइन का पालन करने की बात कही। एसडीओपी नवनीत पाटिल ने कहा कि, गणेश पंडालों में फूहड़ गाने और शराब सेवन की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने पंडालों मे निर्धारित आवाज पर ही साउंड चलाने, रात्रि होने पर साउंड बॉक्स का उपयोग ना करने एंव पंडालो मे विधुत सप्लाई की तार को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रशासन ने बैठक मे उपस्थिति जनप्रतिनिधियों ने सुझाव मांगे, जिस पर नगर के जनप्रतिनिधियों ने विसर्जन एक ही दिन 6 सितंबर एवं नगर के 3 चिन्हांकित तालाब मंझली, घोरमार, लछनपुर बांधा में करने को कहा। इस पर समितियों ने सहमति जताई। साथ ही नदी एंव डेम मे विसर्जन करने पर प्रतिबंध लगाने और विसर्जन के दिन अधिक रात तक डीजे बजाने पर रोक लगाने की बात कही। इस पर प्रशासन ने विसर्जन के रात्रि 9 बजे से अधिक समय डीजे संचलित करते पाए जाने पर कार्रवाई करने की बात कही।



## बेलगहना क्षेत्र में फिर सक्रिय हुआ रेत माफिया

**बेलगहना।** बारिश का मौसम समाप्त भी नहीं हुआ है, और क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन व परिवहन का अवैध काम फिर से शुरू हो गया है। परिवहन के लिए उपयोग में लाए जाने वाले वाहनों से बहती पानी की धार इस बात का प्रमाण है कि, उत्खनन किसी नदी या नाले से किया जा रहा है। समाजसेवी तथा अवैध रेत उत्खनन व परिवहन के विरुद्ध आवाज उठाने वाले सचिन साहू ने इस मामले को लेकर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि, अधिकारियो का यही रवैया रहा और अवैध रेत उतखनन व परिवहन पर रोक नही लगी तो वे जनसमर्थन लेकर बड़े पैमाने पर जन आंदोलन खड़ा करेंगे।


**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

मा.क्र. अ-6-अ/ 2024-25
ग्राम सकरी, तहसील सकरी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम सकरी प.ह.नं. 46, तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुरुषोत्तम साहू पिता स्व.महेश राम निवासी ग्राम सकरी, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम सकरी स्थित भूमि ख.नं. 153, 540, 972, 571, 581, 242, 616/2, 652, 708, 716, 117 कुल खसरा नं. 10, कुल रकबा 4.27 एकड़ भूमि को माननीय न्यायालय प्रथम जिला न्यायाधीश/नेशनल लोक अदालत, खण्डपीठ क्र. 6, बिलासपुर छ.ग. द्वारा व्यवहार वाद क्र. 22 ए/2022 में दिनांक 10.05.2025 को पारित निर्णय एवं आज्ञप्ति के परिपालन में उपरोक्त सभी खसरा नंबरों की कुल 4.27 एकड़ भूमि के राजस्व अभिलेखों में पुरुषोत्तम साहू का नाम स्वामी/आधिपत्यधारी के रूप में दर्ज करने इस न्यायालय में पेश किया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 12.09.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 29.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार
सकरी



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं जितेन्द्र पटेल उम्र -48 वर्ष पिता श्री संतराम पटेल निवासी महर्षि स्कूल रोड मंगला, बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ जो कि शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं:-

(1) यह कि मेरे कक्षा दसवीं, बारहवीं एवं अन्य शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम जितेन्द्र कुमार पटेल लिखा है जबकि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र में मेरा नाम जितेन्द्र पटेल लिखा है।

(2) यह कि जितेन्द्र कुमार पटेल एवं जितेन्द्र पटेल नाम वाला मैं एक ही व्यक्ति हूं। उक्त दोनों नाम मेरे ही नाम हैं। अतः मुझे जितेन्द्र पटेल नाम से ही जाना जावे। इस हेतु उक्त कथन में यह शपथपूर्वक प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता
जितेन्द्र पटेल

-:: सत्यापन ::-

मैं जितेन्द्र कुमार पटेल सत्यापित करता हूँ कि क्र. 1 से 2 तक मेरे ज्ञान से सत्य व सही है। आज दि.28/08/2025 को बिलासपुर में हस्ता. कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता
जितेन्द्र पटेल



**आम सूचना**

मौजा मंगला (धुरीपारा) प.ह.नं. 21/35 रा.नि. मण्डल के सरकंडा ब्लाक बिल्हा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के नगर निगम मंगला के मंगला बस्ती से तुरकाडीह जाने वाली मुख्य मार्ग पर है। जिसका खसरा नं. 317/8 व क्षेत्रफल 2580 वर्गफुट है। जिसे बुद्धेश्वर सिंह पिता सुखनंदन प्रसाद निवासी ओमनगर जरहाभाठा वार्ड नं. 21 तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी श्रीमती प्रतिमा शर्मा, पति प्रसन्न शर्मा निवासी भाटिया रेसीडेंसी म.नं. ए-304 मंगला बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा इकरारनामा दिनांक 8 अगस्त 2025 निष्पादित किया गया है। उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, वित्तीय संस्थान बैंक समिति को कोई आपत्ति हो तो अविलंब दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति आमान्य होगा।

सो सूचना जाने।

भवदीय
जी.पी. चतुर्गोष्ठी
अधिवक्ता
सन रेसीडेन्सी, मंगला
दीनदयाल रोड,
मंगला बिलासपुर (छ.ग.)



**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि साझेदारी विलेख पंजी. क्रमांक 222202597632, दिनांक 19/02/2025 के अनुसार श्री अनंत रियलिटी फर्म में पाँच साझेदार श्री अभिषेक अग्रवाल, श्री निशांत खण्डेलवाल, श्री अनूप कुमार अग्रवाल, श्री नमन गोयल, श्री सूजल गोयल के माध्यम से व्यापार एवं लेनदेन किया जा रहा था। यह कि दिनांक 23/04/2025 से उक्त फर्म में संशोधन कर दिया गया है जिसके अनुसार अब साझेदारी विलेख दिनांक 23/04/2025 के अनुसार उक्त फर्म में श्री अभिषेक अग्रवाल एवं श्री निशांत खण्डेलवाल, सतत साझेदारों की सहमति से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वर्तमान साझेदार इस प्रकार है 1. श्री अनूप कुमार अग्रवाल 2. श्री नमन गोयल 3. श्री सूजल गोयल अतः उपरोक्त संशोधन बाबत सर्व साधारण हेतु यह आम सुचना प्रकाशित की जा रही है|

**वास्ते-श्री अनंत रियलिटी**
**साझेदार- श्री नमन गोयल**
**पता- मंगला चौक, बिलासपुर 495001 (छ.ग.)**



**न्यायालय नायब तहसीलदार, उपतहसील सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम बेलमुण्डी तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.
मा.क्र.277

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक श्री जलेश्वर साहू पिता खड़ीराम साहू निवासी-बेलमुण्डी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम बेलमुण्डी स्थित भूमि ख.नं. 220/3 रकबा 0.2710 हे. भूमि बंटवारा के द्वारा प्राप्त भूमि है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में अनावेदकगण का नाम दर्ज है। आवेदक के नाम पर ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त किये जाने हेतु न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ. (रा.) तखतपुर, जिला बिलासपुर में छ.ग.भू. रा.सं. की धारा 115 के तहत प्रकरण प्रस्तुत किया गया है तथा इस न्यायालय को जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। तथा इस ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 8.09 2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/8/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
उप तहसील सकर्रा, तहसील सकरी



**आम सूचना**

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है की निम्नलिखित भूमि जो तहसील बिलासपुर, ग्राम जूना बिलासपुर, पटवारी हल्का नं 00036 के खसरा क्रमांक 883/7, 883/8, 883/9, 883/10, 883/11 जो की आनंदा होटल, मेन रोड व्यापार विहार के बगल में स्थित है । इस भूमि को विक्रेता श्री हर्षदीप सिंह, जशलीन कौर , श्रीमती हरजीत कौर ,श्री हरिंदर पाल सिंह ,श्री सुरेंदर पाल सिंह, श्री नरिंदर पाल सिंह, श्री हरदीप सिंह, निवासी दयालबंद बिलासपुर से क्रेता आनंद खेमका ए 3, बिल्डिंग आरबीएस 49 के सामने बिलासपुर द्वारा ख़रीदने का पक्का सौदा होकर निकट भविष्य में रजिस्ट्री होना निश्चित हुआ है । यदि किसी भी व्यक्ति , संस्थान , बैंक इत्यादि को आपत्ति है तो सात दिवस के अंदर दिए हुए पते पर मय दस्तावेज उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करवायें।

भवदीय
**आनंद खेमका**
**A3 , बिल्डिंग पहला तल , RBS 49 के सामने बिलासपुर**
**मो - 95753-02595**



**// सूचना प्रकाशन बाबत //**

एतद् द्वारा चितावर प.ह.नं. 30 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कोमल प्रसाद बिरको पिता जयचंद बिरको निवासी चितावर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा अपने दादी अधतिया बाई पति जीतलाल की मृत्यु दिनांक 17/05/1999 को ग्राम चितावर में होने का हवाला देते हुए मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत की है। उक्त संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधीन है। जिसमें दिनांक 5/9/2025 को सुनवाई नियत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार को किसी प्रकार से कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/8/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार, तखतपुर



**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र......../अ-6-अ/2024-25
ग्राम उस्लापुर तहसील
सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका पदमिनी देवी मां पति कमल प्रसाद वर्मा निवासी उस्लापुर के द्वारा ग्राम उस्लापुर, प.ह.न. 60 तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 456 में से 2640 वर्गफीट भूमि विक्रेता श्रीमती जीतकौर पति श्री मुंशीराम उपवेजा से क्रय किया गया है। नामांतरण पश्चात खसरा नंबर 456/3 रकबा 0.024 / 2640 वर्गफीट भूमि आवेदिका के नाम पर दर्ज था, परतु वर्तमान ऑनलाइन अभिलेख में त्रुटिवश रकबा 0.0200 हेक्टेयर प्रदर्शित हो रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार किये जाने संबंधी आवेदन पत्र माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह आपना दांवा / आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 10/9/25 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 25/8/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, सकरी



**न्यायालय नायब तहसीलदार, उपतहसील सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम बेलमुण्डी तह. सकरी जिला-बिलासपुर छ.ग. मा.क्र. 276

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक श्री जलेश्वर साहू पिता खड़ीराम साहू निवासी-बेलमुण्डी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम बेलमुण्डी स्थित भूमि ख.नं. 828/2 रकबा 0.4620 हे. भूमि बटवारा के द्वारा प्राप्त भूमि है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में अनावेदकगण का नाम दर्ज है। आवेदक के नाम पर ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त किये जाने हेतु न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ. (रा.) तखतपुर, जिला बिलासपुर में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 115 के तहत प्रकरण प्रस्तुत किया गया है तथा इस न्यायालय को जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। तथा इस ईश्तहार के माध्यम से दावा / आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 8.09.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.8.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**उपतहसील सकर्रा**



**न्यायालय नायब तहसीलदार, उपतहसील सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम बेलमुण्डी तह. सकरी जिला-बिलासपुर छ.ग. मा.क्र. 281

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक श्री जलेश्वर साहू पिता खड़ीराम साहू निवासी-बेलमुण्डी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम बेलमुण्डी स्थित भूमि ख.नं. 482/7 रकबा 0.0200 हे. भूमि बटवारा के द्वारा प्राप्त भूमि है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में अनावेदकगण का नाम दर्ज हैं। आवेदक के नाम पर ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त किये जाने हेतु न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ. (रा.) तखतपुर, जिला बिलासपुर में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 115 के तहत प्रकरण प्रस्तुत किया गया है तथा इस न्यायालय को जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। तथा इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 8.09 2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.8.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**उपतहसील सकर्रा**



**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा भूमि स्वामी श्रीमती शमा बेगम पति जान मोहम्मद निवासी तारबहार तहसील व बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.) से इनके नाम पर भूमि मौजा, ग्राम, सकरी पटवारी हल्का नं. मन-1 (00045) रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी खसरा नं.929/11 है, जो कि 1500 वर्गफीट जिनकी बयाना राशि दी जा चुकी है तथा निकट भविष्य में पंजीयन होना है, इस बाबत में यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है। तथा उसकी बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी, तो सूचना जानें।

भवदीय
**अंजली कश्यप पति भुनेश्वर प्रसाद कश्यप निवासी-नेचर सिटी, तह. सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. -9630821989**



**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

मा.क्र. 202504071000009/
अ-27/2024-25,
ग्राम सैदा मन 6, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सैदा, तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखनन्दन सूर्यवंशी के द्वारा मौजा सैदा मन 06 में स्थित ख.नं. 269/1 कुल रकबा 0.368 हे. भूमि को सभी पक्षकारों के नाम पर राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है। जिसके अनुक्रम में उक्त भूमि का फर्द बंटवारा पक्षकार 01 सुखनंदन, बृजनंदन, रघुनन्दन, सिलोचना, त्रिलोका पिता देवीप्रसाद, चंद्रिका बाई पति देवीप्रसाद पक्षकार 02 वेद प्रसाद पिता नत्थू के मध्य रकबा क्रमशः 0.184, 0.184 बंटवारा किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 12.09.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार, सकरी



**आदेश 05 नियम 201 (क) व्य.प्र.सं 1908 के तहत प्रकाशन**
**न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी सिराजुद्दीन कुरैशी)**

आवेदक श्रीमती फिर बाई विरुद्ध अनावेदकगण गुरुदयाल साहु वगै.

दावा प्रकरण क्रमांक 1624/2023 पेशी तारीख 13/10/2025 प्रो.क्रं 3473

बनाम - 1. सुरेश विश्वकर्मा पिता मुन्ना विश्वकर्मा (मो.न. 8889088920) निवासी ग्राम दुरपा तुमसा नवागढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पिन नं. 495557 (पंजीकृत वाहन स्वामी वाहन ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 11 ए.एक्स 3465)

आवेदिका श्रीमती फिर बाई प्रजापति पति हरिशचंद्र प्रजापति उम्र 53 वर्ष लगभग पेशा मजदूरी निवासी ग्राम गुड़ी चौक जोंधरा थाना पचपेड़ी तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) ने आपके विरुद्ध दिनांक 02/05/2023 को वाहन टेक्टर क्रमांक सी.जी. 11 एएक्स 3465 में दुर्घटना के परिणास्वरुप स्वयं को गंभीर चोट आने पर क्षतिपूर्ति राशि 22,40000/- (बाईस लाख चालीस हजार रुपये) प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र धारा 166 मो.यान.अधि. का एक प्रकरण संस्थित की है।

अतः आपको इस अधिकरण में दिनांक 13/10/2025 को दिन में 11 बजे आवेदन पत्र के उत्तर देने हेतु उपसंजात होने के लिए नोटिस दिया जाता है एवं आपको निर्देशित किया जाता है कि आप सभी दस्तावेजों सहित जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा हेतु निर्भर रहना चाहते है को पेश करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस अधिकरण में उपसंजात नहीं होगें तो आवेदन पत्र की सुनवाई और उसकी अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा और यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 13/10/2025 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को किया जावेगा।

आज दिनांक 26/8/2025 को मेरे हस्ताक्षर और अधिकरण की मुद्रा से जारी किया गया।

**जिला एवं सत्र न्यायाधीश**
**सिराजुद्दीन कुरैशी**
**मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण**
**बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय नायब तहसीलदार पथरिया तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202507251800003/अ-70/2024-25 ग्राम टेगनागढ़ प.ह नं. 05

**// समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस //**

प्रति-उर्मिला बाई पति जैतराम जाति सतनामी निवासी ग्राम गोइन्द्रा तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक कुलदीप सिंह पिता भेदीलाल टंडन उम्र 27 वर्ष जाति सतनामी, निवासी ग्राम गोइन्द्रा तहसील पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम टेंगनागढ़ प.ह.नं. 05 रा.नि.मं.लौदा, तहसील पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.) स्थित खाता क्रमांक 140 के अंतर्गत खसरा नं. 72 रकबा 0.3970 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक कुलदीप सिंह पिता भेदीलाल टंडन के नाम पर बतौर भूमि स्वामी दर्ज चला आ रहा है, उक्त भूमि को माननीय न्यायालय तहसीलदार पथरिया के समक्ष छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के उपबंध के तहत सीमांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर विधिवत सूचना व ज्ञापन दिनांक 13/05/2024 को ग्राम में तामिल कराया गया है। मौका जाँच हेतु राजस्व निरिक्षक व हल्का पटवारी के द्वारा मौके पर जाकर विधिवत सीमांकन दिनांक 08/06/2024 को किया गया है। उक्त वाद भूमि के सीमांकन के पश्चात राजस्व निरिक्षक के पंचनामा दिनांक 08/06/2024 व सीमांकन प्रतिवेदन दिनांक 10/07/2024 के अनुसार आवेदक के स्वामित्व के खसरा न. 72 रकबा 0.3970 हेक्टेयर भूमि के दक्षिण दिशा की ओर रकबा 0.42 एकड़ भूमि पर खेत के रूप में अनावेदिका उर्मिला बाई पति जैतराम का अवैध कब्जा होना पाया गया है। आवेदक की स्वामित्व की भूमि खसरा नं. 72 रकबा 0.3970 हेक्टेयर में मे रकबा 0.42 एकड़ में अनावेदिका उर्मिला बाई पति जैतराम के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है इस बात की जानकारी राजस्व निरीक्षक के प्रतिवेदन, पंचनामा एवं नजरी नक्शा में स्पष्ट हो जाता है जिसमे गाँव के कोटवार एवं अन्य लोग गवाह के रूप में हस्ताक्षर कर पंचनामा निष्पादित किये हैं। उक्त वाद खसरा नं. 72 रकबा 0.3970 हेक्टेयर में से रकबा 0.42 एकड़ भूमि में अनावेदिका उर्मिला बाई पति जैतराम का अवैध कब्जा छुड़ाया जाकर आवेदक कुलदीप सिंह पिता भेदीलाल टंडन को कब्जा दिलाये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है जिसमें आगामी सुनवाई तिथि 11/09/2025 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थित होने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

आज दिनांक 28/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के अधीन जारी किया।

**नायब तहसीलदार**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

# स्वस्थ तन और मन के लिए खेल बहुत जरूरी: तोखन

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

राष्ट्रीय खेल दिवस पर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इय आयोजन में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस तोखन साहू ने जिला मुख्यालय स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव के पंजीयन पोर्टल का विधिवत शुभारंभ किया। श्री साहू ने स्वयं को शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से मजबूत और भावनात्मक रूप से संतुलित बनाने, सभी को खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ शपथ भी दिलाई। श्री साहू ने कहा कि, स्वस्थ तन और मन के लिए खेल बहुत जरूरी है, यदि हम सभी फिट रहेंगे, तो हमारा देश भी फिट रहेगा। इस महोत्सव का उद्देश्य गांवों सहित जिले की प्रतिभाओं को सामने लाना तथा उन्हें एक बेहतर मंच प्रदान करना है। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने इस महोत्सव में आयोजित होने वाले विभिन्न विधाओं तथा पंजीयन के संबंध में जानकारी दी, और युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने प्रोत्साहित किया। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार, खेल सामाग्री और कोचिंग की सुविधा प्रदान करने के साथ सम्मानित करने तथा महिलाओं एवं दिव्यांगजनों के लिए विशेष प्रतियोगिता आयोजित करने की बात कही।

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, खेल में हार-जीत तो आम बात है, लेकिन सबसे बड़ी बात खेल में भाग लेना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमें फिट और स्वस्थ रहना पड़ेगा, इसके लिए शरीर का व्यायाम होना आवश्यक है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों और युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागी बनकर क्षेत्र का नाम रोशन करने प्रेरित किया। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि, सांसद खेल महोत्सव के पंजीयन का शुभारंभ जिले से होना खुशी की बात है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी गांव, विकासखंड पर व जिला स्तर पर 21 सितम्बर से 'फिट युवा फॉर विकसित भारत' का आयोजन किया जाएगा, और संसदीय क्षेत्र बिलासपुर में 25 दिसंबर को इसका समापन होगा। पंजीयन की अंतिम तिथि 20 सितम्बर निर्धारित की गई है। उन्होंने खिलाड़ियों एवं युवाओं को अपनी प्रतिभा के अनुसार किसी भी खेल विधा में पंजीयन कराने और बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम आगे बढ़ाने प्रोत्साहित करते हुए अधिक से अधिक पंजीयन कराने को कहा। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने कहा कि, शारीरिक रूप से स्वस्थ और मानसिक रूप से मजबूत बने रहने के लिए खेल जरूरी है।



खेल दिवस पर सांसद खेल महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर बल्लेबाजी करते तोखन साहू।

### कलेक्टर की बॉलिंग पर तोखन व धरमलाल ने की बैटिंग

कार्यक्रम के दौरान तोखन साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर क्रिकेट खेल का शुभारंभ किया। मुंगेली के आगर इलेवन और लोरमी के मनियारी इलेवन के बीच प्रतियोगिता की गई, जिसमें केन्द्रीय राज्यमंत्री ने बल्लेबाजी की। इसी तरह बिल्हा विधायक श्री कौशिक ने भी बल्लेबाजी में हाथ आजमाया। वहीं कलेक्टर ने बॉलिंग कर खिलाड़ियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अम्बालिका साहू, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, संबंधित अधिकारी और क्रिकेट टीम से प्रशांत शर्मा, निखिलेश लाल, जलेश यादव, आरिफ खान सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे। वरिष्ठ खेल अधिकारी संजय पॉल ने बताया कि इंडोर खेल गतिविधियों के अंतर्गत 30 अगस्त को जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता और 31 अगस्त को रेस्ट हाउस मुंगेली से कलेक्टर जनदर्शन सभाकक्ष तक सायकल रैली का आयोजन किया जाएगा। मंच का सचालन शिक्षक रामपाल सिंह ने किया।

### खेलों में छिपा है देश का भविष्य

सीपत। एनटीपीसी सीपत में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस पर सांसद खेल महोत्सव अभियान का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आयोजित अंतर ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री (आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार) एवं सांसद बिलासपुर तोखन साहू ने मशाल प्रज्जवलित कर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में एनटीपीसी सीपत के कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख विजय कृष्ण पाण्डेय मौजूद रहे।

**एनटीपीसी में सांसद खेल महोत्सव अभियान का शुभारंभ**

**प्रतियोगिता में प्रभावित 8 गांवों के 96 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम**



स्पर्धा का शुभारंभ करते केंद्रीय राज्यमंत्री।

मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित इस खेल दिवस को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं को खेलों के माध्यम से नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और अनुशासन सिखाने का सुनहरा अवसर है। यदि भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो युवाओं का फिट और स्वस्थ रहना अनिवार्य है, क्योंकि खेल ही राष्ट्रनिर्माण का आधार है। प्रतियोगिता में परियोजना प्रभावित आठ गांव रांक, सीपत, गतौरा, कर्रा, देवरी, कौड़िया, रलिया और जांजी की आठ टीमें व कुल 96 खिलाड़ी शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारिकेश पांडेय, दिलेन्द्र कौशील, सीपत सरपंच प्रतिनिधि योगेश वंशकार, एनटीपीसी इंटक यूनियन के अध्यक्ष सलीम वीरानी, राज्यवर्धन कौशिक, अभिलेश यादव, मन्नू सिंह सहित प्रभावित ग्राम के सरपंच, जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, एनटीपीसी के महाप्रबंधक, अधिकारी-कर्मचारी, यूनियन व एसोसिएशन प्रतिनिधि और स्पोर्ट्स काउंसिल के सदस्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को खास बनाने के लिए इस बार 'खेलही गांव, बढ़ही गांव' की थीम रखी गई थी।




एनटीपीसी के अफसरों के साथ विजयी खिलाड़ी।

## खबर संक्षेप

### कृषि विभाग कार्यालय में बलराम जयंती पर किसान संगोष्ठी



गौरेला। बलराम जयंती के अवसर पर गौरेला के कृषि विभाग के कार्यालय में किसान संगोष्ठी का आयोजन किसान मोर्चा के आवाह्न पर किया गया, जिसमें परंपरागत कृषि करने वाले किसानों का सम्मान भी किया गया। कृषि विभाग के कार्यालय में प्राकृतिक कृषि, गौ वाणिज्य कृषि, तिलहन कृषि एवं पारंपरिक कृषि पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजलाल सिंह राठौर ने बताया कि, पहले कृषि नुकसान का काम हुआ करता था, लेकिन जब से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं, तब से लगातार किसानों की स्थिति में सुधार के लिए नई-नई योजनाएं लागू कर रहे हैं। इससे किसानों की कमाई में इजाफा हुआ है। उन्होंने सभी किसानों को जैविक खेती को महत्व देने की अपील की। संयुक्त संचालक कृषि सत्यजीत कंवर ने भी शासन की योजनाओं की जानकारी किसानों को दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पवन पैकरा एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

### महिलाओं को सायबर फ्रॉड के प्रति किया गया जागरूक



जरहागांव। एसपी भोजराम पटेल के निर्देशन में ग्राम सभा, सामाजिक संगठन, महिला समूह, स्कूल जैसे अनेक स्थानों पर 'पहल' अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों, नशाखोरी, सायबर अपराध आदि पर अंकुश लगाने पुलिस विभाग की ओर से महाअभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में फरहदा में तीज पर्व के अवसर पर महिलाओं के समक्ष पहुंच कर एसडीओपी सीके घृतलहरे, थाना प्रभारी नंदलाल पैकरा एवं पुलिस की टीम ने श्रीफल और शमी पौधा भेंट किया। टीआई नंदलाल पैकरा ने सायबर फ्रॉड के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं डेमो दिखा कर सायबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक किया।

### नवाचार को प्रोत्साहित करें संकुल समन्वयक, बीईओ ने ली बैठक



पथरिया। बीआरसी भवन पथरिया में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मंडलोई की अध्यक्षता में परिक्षेत्र के सभी संकुल समन्वयकों की बैठक हुई। बैठक में सबसे पहले मिशन 90 प्लस एवं मुख्यमंत्री गुणवत्ता अभियान की समीक्षा की गई। डॉ. मंडलोई ने कहा कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाने हेतु नियमित रूप से कक्षाओं का निरीक्षण करें और शिक्षकों को आवश्यक शैक्षणिक मार्गदर्शन दें।बैठक में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने तथा परीक्षा परिणामों में सुधार लाने के उपायों पर चर्चा हुई। साथ ही जर्जर विद्यालय भवनों की मरम्मत, पुस्तक वितरण, छात्रवृत्ति, जाति प्रमाणपत्र, पोषण आहार वितरण व उल्लास कार्यक्रम की तैयारियों पर भी दिशा-निर्देश दिए गए। डॉ. मंडलोई ने कहा कि सभी संकुल समन्वयक अपने-अपने संकुल में नवाचार को प्रोत्साहित करें और स्कूलों में शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए शिक्षक-पालक संवाद को मजबूत करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षा गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में सभी संकुल समन्वयकों ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करने का संकल्प लिया।बैठक मे प्रमुख रूप से विकास खंड समन्वयक अशोक यादव, बीआरपी प्रिया यादव व पथरिया जोन के समस्त समन्वयक उपस्थित रहे।

### आदि कर्मयोगी अभियान के लिए प्रशिक्षण



लोरमी। जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ब्लॉक टीमों और नागरिक समाज संगठनों (सीएसओ) के लिए ग्राम कार्य एवं सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जनजातीय ग्राम में विजन निर्माण हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में गठित ब्लॉक स्तरीय टीमें कर्मयोगी जल, स्वच्छता, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और वन जैसे विभागों के अधिकारी शामिल रहेंगे जनजातीय ग्रामों में समुदाय संचालित विकास सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय मार्गदर्शन, समन्वय और निगरानी प्रदान करने विजन निर्माण का मार्गदर्शन, सांस्कृतिक मूल्यों और स्थानीय आवश्यकताओ के साथ संरेखण, जनजातीय समुदाय से सीधे जुड़ाव, संसाधनों तक पहुंच को सुगम बनाने संबंधी मुद्दों पर प्रशिक्षण प्रदाय किया गया । आयोजित प्रशिक्षण सह कार्याशाला में जिला कार्यालय से मास्टर ट्रेनर बीआर वर्मा, एपीओ, पीआर धृतलहरे, जनपद पंचायत सीईओ, सीपी सोनी, नायब तहसीलदार, प्रकाश यादव, नायब तहसीलदार लालपुर थाना एवं शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, वन विभाग के अधिकारी तथा 28 ग्रामों के पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिवसीय खेल उत्सव का शुभारंभ






कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथि।

**विधायक, कलेक्टर ने खेल गतिविधियों में लिया हिस्सा**

पेंड्रा/गौरेला। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का जन्म दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर तीन दिवसीय खेल उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। जिला प्रशासन और खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से फिजिकल कॉलेज मैदान पेंड्रा में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची रहे। खेल उत्सव में विधायक प्रणव मरपच्ची, कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा, उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी, मीडिया एवं सभी वर्ग के लोगों ने मैराथन, रस्साकसी आदि विभिन्न खेल गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर विधायक प्रणव मरपच्ची ने कहा कि, मेजर ध्यानचंद जी की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में घोषित किया गया है। ओलंपिक में भारत ने हॉकी में 8 बार स्वर्ण पदक हासिल किए हैं, जिसमें 3 बार मेजर ध्यानचंद के सहयोग से प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि, स्वस्थ तन और मन के लिए खेल जरूरी है, खेलों को हमें अपने दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं कोचेस को सम्मानित किया गया। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने कहा कि, खेल में मेजर ध्यानचंद के अमूल्य योगदान के लिए हम उनके जन्म दिवस 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2019 में राष्ट्रीय खेल दिवस के दिन 'हिट इंडियन मोमेंट' का शुरूआत की। केंद्र और राज्य सरकार की मंशा थी कि इस बार राष्ट्रीय खेल दिवस पर तीन दिवसीय खेल उत्सव मनाया जाए। इसी मंशा के अनुरूप जिले में तीन दिवसीय खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। 29 से 31 अगस्त तक तीन दिवसीय खेल में मैराथन दौड़, फिट इंडिया, शपथ, आउटडोर खेल एवं मनोरंजन गतिविधियां तथा राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। खेल दिवस के अवसर पर 30 अगस्त को सद्भावना क्रिकेट मैच, स्कूल एवं कॉलेज स्तर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता, इंडोर गेम एवं फिटनेस टॉक कार्यक्रम होगा। समारोह के तीसरे एवं अंतिम दिन 31 अगस्त को साइक्लोथॉन, सायकल रैली का आयोजन किया गया है। कलेक्टर ने सभी वर्ग के लोगों से किसी न किसी खेल से जुड़ने और अपने शरीर को स्वस्थ रखने की अपील की। राष्ट्रीय खेल दिवस पर 19 वर्षीय बालक-बालिका की टीम ने रिले रेस में हिस्सा लिया। रस्साकसी में बालिका वर्ग एवं मीडिया और जनप्रतिनिधियों के बीच खेला गया। कबड्डी में बालक-बालिका की टीम ने अपनी शानदार प्रदर्शन दिया। समारोह में जिले के राष्ट्रीय व राज्य स्तर के खिलाड़ियों को ट्रैक शूट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गौरेला नपा अध्यक्ष मुकेश दुबे, जिला पंचायत सदस्य पवन पैकरा, भंवर सिंह गोवाश, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुकेश रावटे, प्रभारी अपर कलेक्टर अमित बेक, संयुक्त कलेक्टर दिलेराम डाहिरे, एसडीएम पेंड्रारोड विक्रांत अंचल, जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी, खेल अधिकारी सीमा डेविड, गणमान्य नागरिक राकेश चतुर्वेदी, बृजलाल राठौर, खिलाड़ी, कोच, व्यायाम शिक्षक, मीडिया एवं नगरवासी उपस्थित थे।

### डीएवी स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



मस्तूरी। मेजर ध्यानचंद की जयंती पर डीएवी पब्लिक स्कूल परसदावेद में राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में रस्साकस्सी, कोन बैलेंस, बॉल पासिंग तथा रिले रेस जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मेजर ध्यानचंद की जीवनी और उनके योगदान से अवगत कराते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षकों ने बताया कि, खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि मानसिक विकास और अनुशासन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि, विद्यालय परिवार खेल भावना को सदैव जीवित रखेगा और विद्यार्थियों को खेलकूद में निरंतर भागीदारी हेतु प्रेरित करता रहेगा।

### केशरवानी कॉलेज में हुईं विविध प्रतियोगिताएं



करगीरोड कोटा। शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग ने महिला और पुरुष वर्ग में कबड्डी, बॉलीबॉल, खो खो, बैडमिंटन आदि विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन कराया। महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ नाज ने कहा कि, छात्रों में खेलविधा के प्रति रुचि और रुचिगत खेलों के नियमों के प्रति अनुशासन उनमें शारीरिक विकास की चेतना को बढ़ाता है। जन जन में शारीरिक विकार दूर करने में और रोग मुक्त रहने के लिए खेल गतिविधियों का बहुत अधिक योगदान होता है। महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि, यह दिन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में भारत सरकार की ओर से घोषित राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में आयोजित है। उनका आचरण और उनका संकल्प पूरे भारत में खेल की परिभाषा पर प्रकाश डालता है।

### परसिया में स्कूल में विविध खेलों का आयोजन




पथरिया। 'मोर खेल, मोर गौरव' नारे को बुलंद करते हुए 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जन्म जयंती पर शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसिया में एथलेटिक्स, शतरंज, कैरम, पिठ्ठूल, कुर्सी दौड़, खो-खो व कबड्डी आदि खेलों का आयोजन किया गया। आयोजन प्रभारी शिक्षक मोहिन्दर सिंह वर्मा ने बताया कि, वर्ष 2019 में माननीय प्रधानमंत्री ने 29 अगस्त को ही फिट इंडिया मूवमेंट का शुभारंभ किया था, जिसके तहत 29 से 31 अगस्त तक राष्ट्रव्यापी खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का आयोजन विद्यालय में किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानपाठक अनिल कौशिक व ग्राम सचिव गोपी मनहर ने बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु एक हजार रुपए पुरस्कार के लिए प्रदत्त किया।आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक रामकुमार कौशिक, बजरंग देवांगन,अजय शिरोमणि,शरद ध्रुव, कुमार पोर्ते की विशेष भूमिका थी।

## स्कूलों से चुने जाएंगे बाल गंगा प्रहरी

# नदियों के संरक्षण के लिए कारगर बाल गंगा प्रहरी योजना: तिवारी

पेंड्रा। बाल गंगा प्रहरी कार्यक्रम गंगा नदी के संरक्षण के लिए प्रारंभ की गई है। यह कार्यक्रम नदियों की बहुलता वाले गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

उक्त बातें जिले के शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेमरा में भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून एवं राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा आयोजित बाल गंगा प्रहरी कार्यक्रम के शुरुआत अवसर पर व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि गंगा नदी की सहायक सोन नदी के संरक्षण के लिए बाल गंगा प्रहरी काम करेंगे जो हमारे जिले के उन स्कूलों से चुने जाएंगे जहां-जहां से जिले में सोन नदी का प्रवाह है। इस अवसर पर डीएसपी मुख्यालय निकिता तिवारी ने कहा कि निश्चित रूप से नई पीढ़ी को नदियों के महत्व से जोड़ा जा रहा है।





कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

निकिता तिवारी ने वहां उपस्थित बच्चों को साइबर क्राइम एवं सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम अवसर पर उपस्थित नदी विशेषज्ञ अक्षय नामदेव ने बच्चों को जिले की नदियों उनके प्रवाह क्षेत्र उनकी सहायक नदियों और बेसिन तथा नदियों के पौराणिक भौगोलिक आध्यात्मिक महत्व को विस्तार से बताया। बाल गंगा प्रहरी योजना अवसर पर जनपद गौरेला की सीईओ शूभ्रा मिश्रा ने बच्चों को इस मिशन से जुड़ने के लिए बधाई दी। आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेंद्र तिवारी ने जिले एवं अपने विद्यालय को इस मिशन से जोड़ने के लिए टीम का आभार माना। इस अवसर पर समाजसेवी मोतीचंद जैन , डाइट के सहायक अध्यापक वनमाली प्रसाद वासुदेव एवं अरपा बचाओ संघर्ष समिति के संरक्षक रामनिवास तिवारी ने भी बच्चों को संबोधित किया। वन्यजीव संस्थान ऑफ इंडिया के शोधकर्ता, दानिश कलीम, अंशुल भावसार और विद्यालय के स्टाफ गणमान्य व्यक्ति भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बाजार डॉ नरेंद्र तिवारी ने किया एवं आभार प्रदर्शन व्याख्याता तीरथ प्रसाद बड़गैया ने किया।

### महिलाओं को मिले पुरुषों के समान सम्मान



तखतपुर। महिला समानता दिवस पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वाद विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि आज हम सब महिला समानता दिवस मना रहे हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार, अवसर और सम्मान मिले। महिला समानता का अर्थ केवल अधिकार प्राप्त करना नहीं है, बल्कि कर्तव्य निभाना और आत्मनिर्भर बनना भी है। हमें दूसरों पर आश्रित नहीं रहना है बल्कि खुद अपने जीवन की दिशा तय करनी है। कार्यक्रम का संचालन रश्मि मिश्रा और आभार प्रदर्शन मिनाज खान ने किया। इस अवसर पर मीनाक्षी शर्मा, जेडी कुजूर, बीआर सूर्यवंशी, आमोद एक्का, जीडी वैष्णव, कामिनी गुप्ता, महेश्वरी सिन्हा, स्वीटी सिंह, दिव्या मिश्रा, संदीप ध्रुव, पुष्पेंद्र दुबे, मयंक यादव, अंकित विश्वकर्मा पारुल यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता आज

**बिलासपुर।** छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की महत्ता को प्रतिपादित करने विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता 30 अगस्त को शनिचरी बाजार स्थित पं. देवकी नंदन दीक्षित सभा भवन में होगा। डीईओ विजय कुमार टांडे ने बताया कि वाद विवाद प्रतियोगिता पांच चरणों में होंगी। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण जिला परियोजना अधिकारी जितेन्द्र पाटले ने बताया कि तृतीय चरण में जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता शनिवार 30 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विकासखण्ड स्तरीय प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले वाद-विवाद दल भाग लेंगे। जिला स्तरीय उक्त प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन उपरांत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दल को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने भेजा जाएगा। जिला स्तर पर नकद प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दल को 7000 रुपए, द्वितीय स्थान को 5000 रुपए, तृतीय स्थान को 3000 रुपए एवं 5 सांत्वना पुरस्कार प्रत्येक को दो-दो हजार रुपए दिया जाएगा।

### निःशुल्क चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर कल

**बिलासपुर।** भूमिहार ब्राम्हण समाज द्वारा 31 अगस्त रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक भूमिहार ब्राम्हण समाज भवन (सुकुवा तालाब के पास) निःशुल्क चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें शहर एवं अपोलो हास्पिटल के प्रसिद्ध चिकित्सकों शामिल होंगे। शिविर में डॉ. अभिराम शर्मा, डॉ. अभय शर्मा, डॉ. मनोज राय डॉ. रजनिश पाण्डेय, डॉ. राजकुमार शर्मा, डॉ. के.एन चौधरी, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. शीला शर्मा, डॉ. सुमन राय, डॉ. दीवाकर कुमार, डॉ. डी.डी. राय आदि उपस्थित रहेंगे। समाज के अध्यक्ष नवीन सिंह ने बताया कि शिविर में ग्राम महमंद एवं आस-पास के ग्रामीणों को जानकारी प्रदान कर पहुंचने की अपील की गई है शिविर में ग्राम पंचायत महमंद के सरपंच पंच एवं जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। सचिव राजीव कुमार ने बताया कि साल में 2 बार समाज कमजोर वर्गों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया जाता है।

### नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान

**बिलासपुर।** बिलासपुर रेंज में नशे के कारोबार में लगे अपराधियों की धरपकड़ को लेकर पुलिस ने बड़ा



23 से 28 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया, इस दौरान रेंज अंतर्गत जिलों में गांजा के 5 प्रकरण पंजीबद्ध कर 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा 199 किलोग्राम गांजा एवं 3 वाहन जब्त किया गया है। साथ ही नशीले टेबलेट के प्रकरण में 1 आरोपी गिरफ्तार और 150 नशीले टेबलेट जब्त किया गया है। चरस तस्करी के एक मामले में 16.81 ग्राम चरस के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही कुल 56 प्रकरण दर्ज किया गया और 61 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने अन्य मामले में कार्रवाई करते हुए फरार आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की है और 35 स्थायी वारंट व 301 गिरफ्तारी वारंट तामील किया गया। पुलिस ने शहर में 15 आदतन बदमाशों पर धारा 129 बीएनएस की कार्यवाई की है। 100 प्रकरणों में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

---

**सिर्फ ट्रायल के आधार पर ही चयन** | **अधिकांश सरकारी स्कूलों में खेल सामग्री तो दूर मैदान भी नहीं**

# क्रीड़ा शुल्क के नाम पर 5 सालों में 25 लाख की वसूली, साल में होती हैं सिर्फ 20 स्पर्धाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 111 हायरसेकंडरी स्कूल हैं जिले में
- 103 हाईस्कूल हैं जिले में
- 50 और 65 रुपए एक बच्चे का क्रीड़ा शुल्क

लोक शिक्षण संचालनालय के खेल कैलेंडर के हिसाब से ब्लाक से लेकर जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं कराई जाती हैं।

जिले के स्कूलों का आलम यह है कि यहां प्रतियोगिताएं कराना तो दूर बच्चों को अभ्यास करने के लिए न तो खेल सामग्री है और न ही मैदान। नतीजा बिना तैयारी के ही 70 फीसदी स्कूलों के बच्चे मैदान में उतर रहे हैं, जबकि हर साल हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से क्रीड़ा शुल्क के नाम पर करोड़ों रुपए वसूले जाते हैं। हाल यह है कि पिछले 5 सालों में 25 लाख रुपए क्रीड़ा शुल्क के रूप में बच्चों से लिए गए, लेकिन इसके बावजूद भी स्कूलों में खेल की बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 9 वीं व 10 वीं के छात्रों से 50 रुपए और 11 वीं व 12 वीं के बच्चों से 65 रुपए क्रीड़ा शुल्क लिया जा रहा है। इस तरह जिले में हर साल करीब एक लाख बच्चों से और प्रदेशभर में करीब 25 लाख बच्चों से यह शुल्क लिया जाता है। जिले में करीब हर साल 5 लाख रुपए इसके तहत शासन के खाते में पहुंचता है। पिछले 5 सालों में 25 लाख रुपए की राशि सिर्फ सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों से ली गई है। इसके बाद भी खेल और खिलाड़ी सुविधाओं से वंचित हैं।

### स्कूलों में व्यायाम शिक्षक ही नहीं

ध्यान रहे कि प्राइवेट स्कूलों को 10वीं और 12वीं की मान्यता देते समय स्कूल शिक्षा विभाग खेल मैदान और क्रीड़ा अधिकारी अनिवार्य करता है लेकिन सरकारी स्कूलों में यह नियम लागू नहीं होता। पिछले कई सालों में लगातार शासकीय हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों की संख्या बढ़ती जा रही है लेकिन इनके साथ न तो खेल मैदान बढ़ रहे हैं और न ही कोचिंग देने वाले। नतीजा पिछले कई सालों से जिले के स्कूलों से खिलाड़ी ही नहीं निकले। स्कूलों में व्यायाम शिक्षकों की कमी सालों से बनी हुई है।

### नियमित पीटीआई के पद सालों से खाली

यही नहीं पिछले 15 सालों से शिक्षा विभाग में नियमित पीटीआई के पद खाली पड़े हुए हैं। हालांकि 2 साल पहले प्रदेश भर में 745 पदों पर पीटीआई की नियुक्ति की प्रक्रिया जरूर शुरू की गई इसके बाद भी पद खाली ही रहे। इसके साथ ही 2008 में संविदा पदों से कुछ नियुक्ति जरूर की गई थी जिनकी बदौलत फिलहाल काम चल रहा है। महिला खेल प्रशिक्षकों की भी कमी है। नतीजा महिला खेल प्रशिक्षक के अभाव में शासकीय स्कूलों से बाहर खेलने जाने वाली छात्राओं की टीम को या तो रोक दिया जाता है या फिर उन्हें प्राइवेट स्कूलों की छात्राओं के साथ भेजा जाता है। यह समस्या पिछले कई सालों से बनी हुई है।

### खामियाजा भुगत रहे खिलाड़ी

खेल सामग्री और मैदान के अभाव में चल रहीं सरकारी स्कूलों और अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा जिले की प्रतिभाओं को भुगतना पड़ रहा है। पिछले एक दशक से जिले से खिलाड़ी निकलना बंद हो गए हैं। इक्का-दुक्का खिलाड़ी ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में स्थान हासिल कर पाते हैं, वह भी खुद की तैयारी के दम पर। दूसरी ओर देखा जाए तो स्कूलों में खेल के नाम पर कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, क्रिकेट और दौड़ आदि कराई जाती है, जबकि खेल कैंलेडर में एथलेटिक्स के कई खेल, बॉस्केटबॉल, वालीबाल और हॉकी समेत 33 प्रकार की प्रतियोगिताएं हैं, लेकिन सामग्री और खेलगुरुओं के अभाव में आधे से ज्यादा प्रतियोगिताएं ही नहीं हो पाती।

### समीक्षा करनी पड़ेगी

संभाग और राज्य स्तर पर तो जिले की टीमें खेलने पहुंच ही जाती हैं। जहां तक बात जिला और ब्लाक स्तर की है तो टीमें क्यों नहीं बन रहीं और खिलाड़ी आगे क्यों नहीं आ रहे हैं, इसकी समीक्षा करनी पड़ेगी। क्रीड़ा शुल्क का कहां और कितना उपयोग किया गया है, इसके बारे में भी जानकारी ले लेते हैं।

**- ए एक्का**, सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग

---

**एक करोड़ रुपए मुआवजे की मांग को लेकर मृतक के परिजन आंदोलन करते रहे**

# मुआवजे की मांग को लेकर डीआरएम कार्यालय के सामने धरना दिया, फिर जिला अस्पताल में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- ओएचई की चपेट में आकर युवक की मौत का मामला

कोचिंग डिपो में काम करते समय ओएचई की चपेट में झुलसे युवक की मौत का मामला शुक्रवार को भी गरमाया रहा। एक करोड़ रुपए का मुआवजा और नौकरी देने के नाम पर मृतक के परिजन सुबह से रात तक आंदोलित रहे, गुरुवार की रात से परिजन के साथ अन्य ग्रामीण डीआरएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए, आंदोलनकारियों ने यहां चूल्हा जलाकर सुबह चाय नाश्ता किया, दोपहर को भोजन बनाकर खाया। इसे देखते हुए डीआरएम कार्यालय के सामने आरपीएफ और पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। बाद में बड़ी संख्या में लोगों ने जिला अस्पताल में भी हंगामा मचाया।

तारबहार यार्ड कोचिंग डिपों में वंदेभारत एक्सप्रेस के ऊपर मेंटनेंस करने मुलमुला निवासी प्रताप बर्मन और उसका एक साथी चढ़े थे। कोच के ऊपर सवार प्रताप बर्मन अचानक हाईटेंशन ओएचई के चपेट में आकर बुरी तरह से झुलसकर 15 फीट नीचे प्लेटफार्म पर गिर गया। उसे अपोलो हास्पिटल में भर्ती किया गया। युवक के परिजन ने कोचिंग डिपो के एसएससी के खिलाफ सिरगिट्टी थाने में लिखित शिकायत करते हुए कड़ी कार्रवाई करने मांग करने के साथ पहले 50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग रेल प्रशासन से की।

इस दौरान गुरुवार की सुबह अपोलो हास्पिटल में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिजन ने हंगामा मचाना शुरु कर दिया। मृतक के परिजन ने एक करोड़ रुपए होने के साथ परिवार में एक सदस्य को नौकरी की मांग की। गुरुवार की रात को ही मृतक प्रताप बर्मन के परिजन के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण डीआरएम कार्यालय के सामने पहुंच गए थे। डीआरएम कार्यालय के सामने परिजन की सूचना मिलते ही आरपीएफ की टीम को अलर्ट कर दिया गया। वहीं शुक्रवार की सुबह तारबाहर और तोरवा थाने के स्टाफ भी वहां पहुंच गए, जिसके कारण डीआरएम कार्यालय के अंदर और बाहर छावनी बन गई।



डीआरएम कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करते परिजन।

### जिला अस्पताल में मचाया हंगामा

मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद जिला अस्पताल के मरच्यूरी में रख दिया गया था। डीआरएम कार्यालय के बाद परिजन और ग्रामीण भारी संख्या में जिला अस्पताल में पहुंच गए और शव को ले जाकर डीआरएम कार्यालय के सामने बैठकर हंगामा मचाने लगे। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल वहां पहुंच गए। पुलिस ने परिजन से युवक के शव का अंतिम संस्कार करने की बात कही, लेकिन परिजन एक करोड़ रुपए मुआवजा और नौकरी की बात पर अड़े रहे। इसके कारण पुलिस ने भी परिजन के हाथों में मृतक का शव नहीं दिया, जिसकी वजह से मृतक के लिए बनाई गई काठी को खाली लेकर ही परिजन जिला अस्पताल से निकलकर एक बार फिर डीआरएम कार्यालय के सामने बैठ गए।

### सामने नहीं आ रहा ठेकेदार

25 अगस्त को युवक ओएचई की चपेट में आया था, जिसे रेलवे अस्पताल के बाद सिम्स और अपोलो में रिफर किया गया। अपोलो में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। इस दौरान अपोलो ने युवक के उपचार करने का बिल साढ़े 5 लाख रुपए का बनाया था, जिसमें से एक लाख रुपए कम कर दिया गया। कुल मिलाकर साढ़े 4 लाख रुपए युवक के उपचार का बिल बनाया। इसमें ठेकेदार की ओर से ढ़ाई लाख रुपए और रेल प्रशासन की ओर से दो लाख रुपए मिलाकर अपोलो को दिया गया। इसके बाद जब से परिजन का हंगामा शुरु हुआ, तब से कंपनी का ठेकेदार सामने नहीं आया।

### मुआवजा करीब 18 लाख

युवक की मौत के बाद हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। इस दौरान उनके परिजन नौकरी और मुआवजे की मांग कर रहे हैं, लेकिन रेलवे का भी अपना नियम है जिसके विपरीत कार्य नहीं किया जा सकता है। नियमानुसार युवक के परिजन को मुआवजा दिया जाना है, जिसमें करीब 18 लाख रुपए आ रहा है। यह उनके परिजन को दे दिया जाएगा। वहीं हाईकोर्ट से जो भी निर्देश होगा, उसके अनुसार कार्य किया जाएगा।

**-अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम,
रेल मंडल बिलासपुर

---



# मरीज जमीन पर लेटा रहा किसी ने नहीं उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- जिला अस्पताल का मामला

करोड़ों रूपए खर्च करने के बाद जिला अस्पताल में मरीजों को इलाज नहीं मिल रहा है। शुक्रवार को चुचुहियापारा से आए मरीज अचानक जमीन पर लेट गया। करीब 1 घंटे तक वह जमीन पर लेटा ही रहा, लेकिन किसी ने न तो उसे उठाने का प्रयास किया गया और न ही उसका इलाज किया गया।

शुक्रवार को चुचुहियापारा निवासी शंकर को जहरीले कीड़े ने काट लिया, इसके बाद से उसका सिर चकराने लगा। परिजनों की मदद से उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उसके राहत नहीं मिली। इस दौरान वह बैचेन होकर दोपहर 1 बजे कैजुवल्टी में ही गिर गया। कैजुवल्टी में उस दौरान डाक्टर मौजूद नहीं थे। वह करीब एक घंटे तक कैजुवल्टी में ही जमीन पर लेटा रहा। इस दौरान अस्पताल के स्टाफ ने उसे उठाने और बेड पर लेटाने की जरूरत ही नहीं समझी। लोगों की शिकायत पर स्टाफ ने उसे बेड में लेटाया।

0000 इंजेक्शन खत्म, मरीजों को खरीदने की मजबूरी

बारिश का मौसम है, लोगों को कटने और छिल जाने पर टिटनेस का इंजेक्शन लगाने की सलाह डाक्टरों द्वारा दी जाती है। जिला अस्पताल में रोजाना औसत 30 से अधिक मरीज टिटनेस का इंजेक्शन लगाते हैं, लेकिन दो दिनों से टिटनेस जैसा जरूरी इंजेक्शन का स्टाक अस्पताल में खत्म हो चुका है। ऐसे में मरीजों को बाहर से टिटनेस का इंजेक्शन खरीदना पड़ रहा है। जिला अस्पताल में निशुल्क इलाज की आस में पहुंचने वाले मरीजों के लिए यह धोखा साबित हो रहा है और जान बचाने के लिए मरीज बाहर के मेडिकल दुकानों से रोजाना टिटनेस खरीद रहे हैं।

---

# बिजली बंद से हलाकान लोगों ने घेरा सबस्टेशन



सिरगिट्टी जोन कार्यालय का घेराव करते नगपुरा के उपभोक्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिरगिट्टी क्षेत्र के नगपुरा में आए दिन बिजली बंद से परेशान उपभोक्ताओं ने सिरगिट्टी जोन कार्यालय का घेराव कर दिया। खराब ट्रांसफार्मर, मरम्मत में देरी और सप्लाई सुधारने को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा था।

दरअसल कुछ साल पहले नगपुरा पंचायत की बिजली सप्लाई सिरगिट्टी सबस्टेशन से हटाकर सिलपहरी से जोड़ी गई है। जिसके बाद से समस्या का अंबार लगा हुआ है। रात भर बिजली बंर होने, ट्रांसफार्मर की खराबी के कारण लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली नहीं होने से खेतों में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है, वहीं लोगों को पीने का भी पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों की मांग है कि सिलपहरी सबस्टेशन से सप्लाई बदलकर सिरगिट्टी सबस्टेशन से सप्लाई दी जाए। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली सप्लाई के लिए विभाग ने केबल लगाया है वह अव्यवस्थित है, ऐसे में दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। इस दौरान अधिकारियों ने 15 दिनों में समस्या का समाधान करने की बात कही है।

### बिजली कर्मचारियों का गुस्सा फूटा, मांगों को लेकर हल्ला बोल

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ द्वारा पुरानी पेंशन, नियमितीकरण और ठेका प्रथा खत्म करने समेत 8 सूत्रीय मांगें को लेकर प्रदर्शन कर किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी में व्याप्त गंभीर समस्याओं को लेकर शुक्रवार को बिजली कर्मचारी संघ महासंघ और अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ के बैनर तले कर्मचारियों ने गेट मीटिंग व प्रदर्शन कर अपना आक्रोश दर्ज किया। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर को संबोधित ज्ञापन कलेक्टर व मुख्य अभियंता को सौंपा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि माँगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो 9 अक्टूबर को कंपनी मुख्यालय रायपुर के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और कंपनी प्रबंधन की होगी।

### राशन दुकान के लिए आवेदन 19 सितंबर तक

**बिलासपुर।** जिले के मस्तूरी विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य की दुकान विद्याडीह, केवटाडीह (भूतहा), बेलटुकरी, रलिया एवं गुड़ी के आबंटन के लिए मस्तूरी विकासखण्ड के पात्र समूह, एजेंसी अथवा संस्थाओं से 19 सितम्बर तक सील बंद लिफाफे में आवेदन पत्र आमंत्रित है। ग्राम पंचायत एवं स्थानीय नगरीय निकाय, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वृहदाकार आदिम जाति बहुदेशीय सहकारी समिति एवं वन सुरक्षा समितियों के आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। बंद लिफाफे के ऊपर शासकीय उचित मूल्य की दुकान विद्याडीह, केवटाडीह, बेलटुकरी, रलिया, गुड़ी के संचालन करने आवेदन पत्र लिखा होना चाहिए। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 19 सितम्बर है।

---

# सवारी उतारने को लेकर विवाद आटो चालक ने लिखाई रिपोर्ट

**बिलासपुर।** महाराणा प्रताप चौक पर सवारी उतारने के दौरान बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त होकर गिर गया, इस दौरान बाइक सवार युवक ने उठते ही आटोचालक को अश्लील गाली गलौज देना शुरू कर दिया। युवक यही नहीं रूका उसने आटो चालक की पिटाई कर दी। मामले में चालक ने युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कराया है।

देवतरा तखतपुर निवासी मदनलाल यादव पेशे से आटो चालक है। शुक्रवार की सुबह 10.30 बजे सवारी भरकर महाराणा प्रताप चौक पर पहुंचा था, इस दौरान सिग्नल पर रूका और सवारी को उतार रहा था। आटो का दरवाजा खुला था, उसी दौरान बाइक क्रमाक सीजी 10 बीआर2570 का चालक दरवाजे से टकराकर गिर गया। बाइक सवार ने उठते ही आटो चालक से गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इस दौरान बाइक सवार ने ऑटो के कांच को पत्थर से तोड़ दिया। मारपीट के बाद घायल आटो चालक ने सिविल लाइन थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### युवक की बाइक पार

शादी में शामिल होने गौरहा पैलेस गए युवक की बाइक चोरी हो गई। युवक ने मामले की शिकायत सरकंडा थाने में की है, पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। मामले के अनुसार अलखधाम नगर मंगला निवासी तरूण कुमार साहू 18 अप्रैल को शादी में शामिल होने गौरहा पैलेस गया था। उसने शादी घर से सामने रात 9.30 बजे अपनी बाइक पार्क की थी, रात 11 बजे वापस आने पर बाइक क्रमांक सीजी 10 एपी 2714 नहीं मिली। इस दौरान युवक बाइक की तलाश करता रहा, जिसके बाद सरकंडा थाने में शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस विवेचना कर रही है।

---

# 75 गाड़ियों की मांग, मिली 12 बोलेरो

**बिलासपुर।** पुलिस विभाग के पीएचक्यू में प्रस्ताव भेजकर 75 गाड़ियों की मांग की गई, किन्तु ऊंट के मुंह के बराबर मात्र 12 नई बोलेरो मिली है। नए वाहनों को पुलिस लाइन में रखा गया है। एक दो दिन में उपलब्धता के आधार पर अधिकारी व थानों में गाड़ियों का वितरण कर दिया जाएगा।

पिछले साल बिलासपुर रेंज के सभी जिलों में कंडम हो चुके वाहनों विधिवत की नीमाली गई थी। उसके बाद बिलासपुर से 75 नए गाड़ियों की मांग करते हुए पीएचक्यू में प्रस्ताव भेजा गया था। पिछले दिनों पीएचक्यू से मात्र 12 नई बोलेरो गाड़ी जिला पुलिस को उपलब्ध कराया गया है। नई बोलेरो गाड़ियों को पुलिस लाइन में रखा गया है। बताया जाता है एक दो दिन में सभी गाड़ियों को उपलब्धता के आधार पर अधिकारियों व थानों में वितरण कर दिया जाएगा। जिले में वाहनों की कमी होने के कारण लंबे समय एक ट्रेवल्स कंपनी वाहन टैक्सी में लेकर चलाया जा रहा है। आलम यह है कि थानो में पेट्रोलिंग भी ट्रैक्सी वाहनों व प्राइवेट ड्राइवरों के भरोसे हो रहा है। मजेदारबात यह है कि अधिकांश पुलिस अधिकारी व कर्मचारी रिश्तेदारों के नाम पर गाड़ियां खरीदकर ट्रेवल्र्स एजेंसी के माध्यम से किराए में चला रहे हैं। पिछले दिनों सरकण्डा थाने में सिविल लाइन थाने में चलने वाली पेट्रोलिंग गाड़ी में ड्राइवर स्टंट करते हुए गिरफ्तार हुआ था। जांच में खुलासा हुआ कि एमटी शाखा में पदस्थ एक हवलदार के पत्नी के नाम पर उक्त स्कार्पियो था। उसका बेटा पुलिस विभाग में गाड़ी चलावा रहा था।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com

12 ज्योतिर्लिंग

स्लीपर मात्र 16,500/

रिजर्वेशन कोच

10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)

7 ज्योतिर्लिंग यात्रा

श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर

राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411